
तापमान
अधिकतम 34.9 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 22 जून 2024

13 प्रशासन की सख्ती के बाद भी नहीं थम रहा अवैध...

14 गुजरात जू में रहने वाले वन्यजीव जेब्रा मीरकैट का...


# प्राइवेट स्टूडेंट्स के लिए भी अनिवार्य होगी एक माह की कक्षा, होगा आंतरिक मूल्यांकन, इंटर्नशिप भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

परीक्षा के लिए आवेदन किया और सीधे केंद्र में जाकर पर्चे हल कर आए... प्राइवेट छात्रों को मिलने वाली यह सुविधा सत्र 2024-25 से बंद होने जा रही है। अब प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को भी निर्धारित अवधि तक कक्षाओं में उपस्थित होना होगा। प्राइवेट परीक्षार्थियों को परीक्षा के पूर्व एक माह की कक्षाएं अटेंड करनी होंगी। ये कक्षाएं उन्हीं महाविद्यालयों में संचालित की जाएंगी, जहां से छात्रों ने आवेदन किया है। प्राइवेट छात्रों को इसके आधार पर ही आंतरिक मूल्यांकन के अंक मिलेंगे।

इसके अलावा यदि वे चाहें तो इंटर्नशिप भी कर सकते हैं। हालांकि इस बिंदु को लेकर अभी पूर्ण रूप से सहमति नहीं बन सकी है। प्राइवेट छात्रों को असाइनमेंट भी दिए जाएंगे, जिसे पूरा करके उन्हें सब्मिट करना होगा। अब तक आंतरिक मूल्यांकन तथा असाइनमेंट संबंधित व्यवस्थाएं नियमित छात्रों के लिए ही लागू थी। प्राइवेट छात्रों के लिए आवेदन प्रक्रिया भी बीते सत्रों की तुलना में पहले प्रारंभ कर दी जाएगी ताकि उनके लिए कक्षाओं सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा सकें। गौरतलब है कि इस साल से प्राइवेट छात्रों के लिए भी सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली लागू की जाएंगी। अर्थात प्राइवेट छात्र भी साल में दो बार परीक्षाएं दिलाएंगे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति में किया गया है प्रावधान, नए नियम सत्र 2024-25 से ही

### प्रायोगिक कक्षाएं ही

कई विषय ऐसे हैं, जिनमें प्रायोगिक पाठ्यक्रम भी शामिल होते हैं। प्रायोगिक पाठ्यक्रम वाले कुछ विषयों का चयन स्वाध्यायी छात्रों द्वारा किया जा सकता है। अब तक केवल प्रायोगिक विषयों के लिए ही कक्षाएं आयोजित की जाती रही हैं, जिसमें छात्रों का उपस्थित होना अनिवार्य होता था। इसके अलावा सैद्धांतिक पाठ्यक्रमों के लिए इस तरह का कोई प्रावधान नहीं था। प्राइवेट छात्र आवेदन करने के बाद सीधे निर्धारित तिथियों में परीक्षा कक्ष में पहुंचकर पर्चे हल करते थे। प्राइवेट छात्रों द्वारा सामान्यतः प्रायोगिक परीक्षाओं वाले विषयों का चुनाव कम ही किया जाता है।

- अब तक नहीं थी ऐसी बाध्यता, आवेदन के बाद सीधे परीक्षा की थी व्यवस्था



### घट सकती है संख्या

नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित ना हो सकने वाले छात्र ही प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में फॉर्म भरते हैं। अब उन्हें भी निर्धारित अवधि तक कक्षाओं में उपस्थित होना होगा। ऐसे में प्राइवेट परीक्षार्थियों की संख्या घट सकती है।

- डॉ. देवाशीष मुखर्जी, प्राचार्य महंत कॉलेज

## खबर संक्षेप

### ढाई लाख का गांजा जब्त, दो तस्कर धरे गए



**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो अंतर्राज्यीय तस्करों के कब्जे से ढाई लाख रुपए से ज्यादा कीमत का 26 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक गांजा तस्करी के आरोप में मध्यप्रदेश सतना निवासी विकास पाण्डेय तथा अमित पाण्डेय को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों तस्करों को इंटरस्टेट बस टर्मिनल के गेट नंबर-2 के पास गांजा ले जाते गिरफ्तार किया।

### कार में सट्टा संचालित करते पकड़ा गया सटोरिया



**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने कार में घूम-घूमकर सट्टा संचालित करने के आरोप में एक सटोरिए को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पुलिस ने 10 हजार रुपए नकद, दो मोबाइल तथा कार बरामद की है। पुलिस के मुताबिक सट्टा संचालित करने के आरोप में संतोषी नगर निवासी बसंत गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है। बसंत ने पुलिस को बताया कि वह ओडिशा खरियार रोड निवासी एक दोस्त से आईडी लेकर टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप में दांव लगवा रहा था।

### विवाद पर बीचबचाव किया तो युवक को पीटा

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक युवक ने दूसरे युवक के खिलाफ गवाही देने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।पुलिस के मुताबिक मंगलबाजार निवासी आयुष गंगवानी ने विशाल बेलानी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। आयुष उसके साथी किशन श्यामलानी को अपने खिलाफ गवाही देने की बात को लेकर विवाद करने लगा। आयुष के अनुसार इस दौरान वह बीचबचाव करने पहुंचा। इस बात को लेकर विशाल ने आयुष के साथ मारपीट कर किसी नुकीली वस्तु से हमला कर चोट पहुंचाई।

### नशे की हालत में ड्राइवर के साथ की मारपीट

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में पेशे से ड्राइवर ने एक युवक तथा उसके अन्य साथी के खिलाफ नशे की हालत में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रवि साहू ने कृष्णा राव तथा उसके अन्य साथी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रवि ने पुलिस को बताया कि वह अपने एक दोस्त के साथ खड़ा था। इस दौरान कृष्णा और उसके साथी गाली-गलौज कर रहे थे। रवि ने गाली-गलौज करने से मना किया तो नाराज होकर कृष्णा तथा उसके साथियों ने रवि के साथ मारपीट की।



## रायपुर निगम सीमा के 5 वार्डों में रहने वाले लोगों की इस बरसात में भी उड़ेंगी नींद

# नाले में मुसीबत की धार, घरों में भरेगा पानी, पैसा नहीं इसलिए पांच साल से चार नालों का काम फंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

बारिश की दस्तक से पहले ही समता कॉलोनी में डेढ़ करोड़ में करीब 800 मीटर लंबा नाला बनवाने में की गई अनदेखी के कारण लोगों को गुरुवार रात हुई तेज बरसात के चलते जलभराव का नजारा देखने को मिला। ऐसा ही हाल आउटर में कई जगह है। आउटर के वार्डों में चार नालों का निर्माण करवाने के लिए पांच साल बाद भी सात करोड़ सात लाख रुपए नहीं मिले हैं। इससे लोगों को जलभराव की चिंता सताने लगी, क्योंकि ऐसे वार्डों के लिए निगम ने वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की है।

शहर के आउटर इलाके में जहां तेजी से बसाहट बढ़ रही है, वहां निगम के जिम्मेदार बारिश के दिनों में होने वाले जलभराव से राहत देने के लिए की गई प्लानिंग को बजट के अभाव में आकार नहीं दे पाए हैं। दलदल सिवनी, भाठागांव, अमलीडीह नाले का कटाव भी बढ़ रहा है। इसके चलते नाले के आस-पास बनवाई गई कॉलोनियों व बस्तियों में रहने वाले लोगों को बरसात के पहले ही नाले की वजह से हर साल होने वाली परेशानी और उससे होने वाली परेशानी को लेकर डर सताने लगा है। नाले का निर्माण विगत दो से पांच साल से अटका हुआ है। अभी स्थिति यह है कि जोन के जिम्मेदार नाले की सफाई तो करवा ▶▶|शेष पेज 13 पर



### आधा दर्जन क्षेत्र होंगे प्रभावित

अमलीडीह क्षेत्र के वार्ड 52 में महात्मा गांधी नगर के लोगों को बारिश में जलभराव का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि यहां के लिए दो करोड़ में करीब एक किलोमीटर लंबा व पांच फीट चौड़ा सीमेंटेड नाले का निर्माण 5 साल से फंड के अभाव में अटका हुआ है। इससे महात्मा गांधी नगर, सेंट जोसेफ कॉलोनी, पुष्पांजलि कॉलोनी सहित आधा दर्जन क्षेत्र इस बार भी प्रभावित होंगे। इसे देखते हुए लोग जोन कार्यालयों में वैकल्पिक व्यवस्था के लिए चक्कर लगाने लगे हैं, ताकि विषम परिस्थिति में जल भराव से तुरंत राहत मिल सके।



### एक ही वार्ड में दो नाले अटकें

भाठागांव इलाके के वार्ड 67 में 2 करोड़ में करीब एक किलोमीटर लंबा नाला इटालिया सिटी से चिंगरी नाला के बीच नहीं बना है। दो साल पुराना प्रोजेक्ट अटका हुआ है। इसी वार्ड में दंतेश्वरी मंदिर से वालफोर्ट के बीच एक किलोमीटर लंबा व पांच फीट चौड़ा नाला बनाने के लिए 2 करोड़ का प्रस्ताव भी अटका है। इससे भाठागांव, चंदन विहार, देव विहार सहित 8 कॉलोनियों व बस्तियों में इस साल होने वाली बारिश में जलभराव की समस्या लोगों की नींद उड़ाने वाली है। बचाव के लिए निगम ने वैकल्पिक इंतजाम भी नहीं किया है।

### अब स्थल परिवर्तन का पेंच

इसी तरह वार्ड 38 व 39 का पानी निकासी के लिए निगम ने मंगलम भवन से रामनगर के बीच करीब 800 मीटर लंबा और 10 फीट चौड़ा नाला बनवाने की प्रक्रिया शुरू करने के बाद काम रोक दिया है। अब स्थल परिवर्तन के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है। इसके चलते पहली बारिश में ही वार्ड का नाला उफान पर होने से जलभराव की स्थिति बनी। इसके लिए 1.49 करोड़ मिलने के बाद भी काम में की गई अनदेखी के चलते लोगों को समस्या से छुटकारा नहीं मिल पाया, इसलिए जिम्मेदारों को जलभराव की चिंता सता रही है।

### राहत के लिए पुख्ता तैयारी

भाठागांव, दलदल सिवनी और अमलीडीह नाले का निर्माण फंड के अभाव में रुका है। समता कॉलोनी में नाले का निर्माण अभी स्थल परिवर्तन का पेंच फंसने से रुका है, इसे जल्द ही संज्ञान में लिया जाएगा। जहां जलभराव होगा, वहां राहत के लिए पुख्ता तैयारी की गई है।

- विनोद कुमार पांडेय, अपर आयुक्त नगर निगम, रायपुर

# महिला के गले से चेन लूटने वाला निकला निजी बैंक कर्मचारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीडीनगर थाना क्षेत्र में 11 दिन पूर्व महिला के गले से चेन स्नैचिंग करने के आरोप में पुलिस ने एक निजी बैंक कर्मी तथा उसके साथी को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल एक बदमाश फरार है। बदमाशों ने 10 जून को बाजार से खरीदी कर घर लौट रही महिला के साथ चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस के मुताबिक चेन स्नैचिंग के आरोप में मध्यप्रदेश, बालाघाट निवासी बैंक कर्मी नवीन ▶▶|शेष पेज 13 पर

- डीडीनगर थाना क्षेत्र में महिला के गले से की थी स्नैचिंग
- घटना में शामिल एक अन्य बदमाश फरार

### ऐसे मिला पुलिस को बदमाशों का क्लू

पुलिस के मुताबिक घटनास्थल के पास अंधेरा होने की वजह से बदमाशों का सीसीटीवी फूटेज नहीं मिल पाया। इसके बाद बदमाशों के फरार होने के संभावित ठिकानों के आसपास लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल की गई, तो एक बाइक में तीन लोगों के जाने का सीसीटीवी फूटेज मिला। फूटेज में बाइक नंबर संदिग्ध लगने पर पुलिस ने नंबर की जानकारी हासिल कर नवीन को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर चेन स्नैचिंग करने का आपराध कबूल किया।

### बैंक आने के दौरान हुई थी पहचान

नवीन ने पुलिस को बताया है कि चेन स्नैचिंग में शामिल बदमाश शैलेश के साथ उसकी पहचान बैंक में आने के दौरान हुई थी। घटना में शामिल एक अन्य बदमाश बालाघाट से रायपुर में काम की तलाश में आया था। बैंक में जॉब होने के बाद भी चेन स्नैचिंग करने की वजह नवीन ने पुलिस को नहीं बताई है। चेन स्नैचिंग की घटना को सुलझाने में डीडीनगर टीआई अविनाश सिंह, एसीसीयू प्रभारी परेश पाण्डेय के साथ एएसआई किशोर सेठ, मार्तंड सिंह, हेड कांस्टेबल डीडीनगर अरुण तिवारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आयरन की सरकारी सप्लाई वाली दवाएं जांच में पास सप्लीमेंट्री फूड की रिपोर्ट बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिकायत के आधार पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा हेल्थ सेंटरों और बीईओ कार्यालय से उठाए गए आयरन-फोलिक एसिड दवाओं के सैंपल टेस्ट में पास हो गए हैं। औषधि विभाग को मिली रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई है कि वे अमानक नहीं हैं। औषधि विभाग की टीम ने पखवाड़े भर पहले 10 स्थानों से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा था।

- हेल्थ सेंटरों बीईओ कार्यालय से उठाए गए थे 15 सैंपल

सूत्रों के अनुसार राज्य में कुपोषण और एनीमिया की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए आयरन-फोलिक एसिड की दवाएं महत्वपूर्ण होती हैं। गर्भवती महिलाओं के साथ छोटे बच्चों को शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सरकारी संस्थानों में यह दवा निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। कुछ समय पहले इन दवाओं के असर पर संदेह जताया गया था। इस आधार पर औषधि विभाग की टीम ने ड्रग वेयर हाउस रायपुर के साथ जशपुर, कोरिया, जगदलपुर, राजनांदगांव के साथ जिला अस्पताल रायपुर, राजनांदगांव, अंबिकापुर और विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुर्ग, धमतरी, तखतपुर, कोटा के कार्यालय से आईएफए विफ्स जूनियर, रेड और ब्लू नामक दवाओं के 15 सैंपल ▶▶|शेष पेज 13 पर



### गुड़गांव लैब भेजे सैंपल

शरीर के पोषक तत्वों की कमी को पूरा करने उपयोग किए जाने वाले सप्लीमेंट्स फूड विपरीत परिणाम देने वाले तो नहीं हैं, इसकी जांच रिपोर्ट के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। औषधि विभाग की टीम ने चार जिलों के 19 दुकानों से 17 प्रकार सप्लीमेंट्स फूड के सैंपल लेकर उसे जांच के लिए गुड़गांव के लैब में भेजा है। अधिकारियों का कहना है कि इनमें जिन कमियों के बारे में पता लगाने की जांच की जाएगी उसकी सुविधा छत्तीगढ़ के एकमात्र राज्य स्तरीय प्रयोगशाला में नहीं है।

### सभी सैंपल क्लीयर

विभिन्न जिलों से जांच के लिए उठाए गए आयरन फोलिक एसिड की दवाओं को लैब की जांच में क्लियर पाया गया है। सप्लीमेंट्स फूड के सैंपल जांच के लिए बाहर भेजे गए हैं जिनकी रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

- बसंत कुमार कौशिक, सहायक औषधि नियंत्रक

### सरकारी कैंटीन भी जांच के दायरे में

इधर रीयूज्ड तेल का उपयोग रोकने के लिए सक्रिय हुई खाद्य एवं औषधि प्रसासन की टीम ठेले-खोमचे के साथ सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों तथा शिक्षण संस्थानों की कैंटीन को भी जांच के दायरे में लाएगी। खाद्य निरीक्षकों को औचक रुप से इन संस्थानों की रसोई में जाकर उपयोग किए जाने वाले खाद्य तेलों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। अफसरों का कहना है कि किसी खाद्य पदार्थ को तलने के लिए तेल का बार-बार उपयोग शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

# गुजरा वर्ष का सबसे लंबा दिन, अब दक्षिण की ओर सूर्य का प्रस्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शुक्रवार 21 जून को वर्ष का सबसे लंबा दिन गुजर गया। आज दिन की लंबाई करीब 13.25 घंटे की रही। कल से सूर्य का प्रस्थान दक्षिण दिशा की ओर होगा और इसके बाद 23 सितंबर को दिन रात की लंबाई बराबर होगी।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक सूर्य साढ़े 23 डिग्री उत्तर पर रहता है, जिसकी वजह से 21 जून को रात की तुलना में दिन की लंबाई अधिक होती है। शुक्रवार को सूर्योदय का वक्त 5.24 मिनट और सूर्यास्त 6.49 मिनट पर हुआ यानी दिन की अवधि 13.25 घंटे की रही। कल से सूर्य धीरे-धीरे दक्षिण की ओर बढ़ते हुए 23 सितंबर को भू-मध्य रेखा पर पहुंचता है। उस दिन और रात की अवधि बराबर होती है। इसके बाद रात की तुलना में दिन छोटा होता जाता है और 21 दिसंबर को ऐसा वक्त आता है, जब दिन की लंबाई सबसे कम होती है।



- 13.25 घंटे रही दिन की अवधि

### एक दिन की वर्षा से कोटा सामान्य

मानसून की घोषणा के पूर्व रात्रि हुई अच्छी बारिश से रायपुर जिला संकट से उबरकर सामान्य स्थिति में आ गया है। कल राजधानी समेत जिले के कई हिस्से में जोरदार वर्षा हुई थी। शुक्रवार की सुबह शहर का मौसम ठंडा रहा, मगर दिन चढ़ने के साथ उमस की स्थिति बनती गई। शाम होने के बाद शहर में बादल गरजे, मगर हल्की वर्षा माना में हुई। यहां बीते 21 दिन 68.4 मिमी. बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य यानी 81.1 मिमी. की तुलना में केवल 16 प्रतिशत कम है, जिसे सामान्य स्थिति माना गया है। राज्य में रायपुर के अलावा नारायणपुर और मुंगेली, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई तथा जीपीएम सामान्य स्थिति में हैं। एकमात्र कांकेर जिले में सामान्य से 24 प्रतिशत ज्यादा वर्षा दर्ज है।

# लाइट बंद होने के विवाद पर महिला-बच्चे से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडरी थाने में एक महिला ने एक अन्य महिला के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते लाइट बंद होने की बात को लेकर विवाद करते हुए उसके तथा चार साल के बच्चे के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक दलदल सिवनी प्रधानमंत्री आवास में रहने वाली नागेश्वरी वैष्णव ने सुखमा वर्मा के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। नागेश्वरी ने पुलिस को बताया कि सुखमा उसके घर पहुंचकर उसके चार साल के बेटे पर घर की लाइट बंद करने का आरोप लगाते हुए मारपीट करने लगी। मौके पर पहुंचकर नागेश्वरी ने अपने बेटे के साथ मारपीट का विरोध किया तो सुखमा ने नागेश्वरी के साथ भी मारपीट की।

- बेटे के साथ मारपीट का विरोध किया तो नागेश्वरी के साथ भी मारपीट की

# अब प्रवेश परीक्षा पर बवाल, छात्रों ने कहा- सवाल सिलेबस से बाहर

## रविवि का जवाब- प्रश्न कठिन, लेकिन पाठ्यक्रम से ही



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने इस वर्ष परीक्षा में गड़बड़ियों के पूरे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। वार्षिक और सेमेस्टर परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों के बाद अब प्रवेश परीक्षा को लेकर भी विवाद निर्मित हो गया है। विश्वविद्यालय अध्ययनशाला में संचालित बीएएलएलबी पाठ्यक्रम के लिए गुरुवार को विवि द्वारा प्रवेश परीक्षा ली गई थी। परीक्षा दिलाने वाले छात्रों ने शुक्रवार को रविवि में अपनी शिकायत दर्ज कराई है। छात्रों का कहना है कि प्रवेश परीक्षाओं में पूछे गए ▶▶|शेष पेज 13 पर

- गुरुवार को ली गई थी बीएएलएलबी की प्रवेश परीक्षा सर्वाधिक छात्र इसमें ही

### सर्वाधिक छात्र इसमें ही

रविवि अध्ययनशाला में संचालित प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा आयोजित की जाती है। जिस पाठ्यक्रम के लिए सर्वाधिक आवेदन रविवि को मिले हैं, वह बीएएलएलबी है। इसके लिए रविवि को 461 आवेदन मिले। जबकि कई कोर्स ऐसे भी रहे हैं, जहां आवेदनकर्ता छात्रों की संख्या 10 तक भी नहीं पहुंच सकी है। शुक्रवार को प्रवेश परीक्षाओं का अंतिम दिवस रहा। इसके पश्चात विभागवार छात्रों के परिणाम जारी कर काउंसिलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व विधि विभाग की ही परीक्षा में बड़ी लापरवाही सामने आई थी, जब छात्रों को निर्धारित प्रश्नपत्र के स्थान पर किसी अन्य विषय का पर्चा बांट दिया गया था।

### सवाल पाठ्यक्रम का

प्रश्नों का स्तर कठिन था, लेकिन सभी सवाल निर्धारित पाठ्यक्रम से ही पूछे गए हैं। कोई भी प्रश्न सिलेबस से बाहर का नहीं था।

- प्रो.राजीव चौधरी, जनसंपर्क प्रभारी, रविवि

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### सशिमं के बच्चों ने किया योगासन



**मंदिर हसौद।** नगरपालिका मंदिर हसौद मे स्थित सरस्वती शिशु मंदिर मे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यालय के भैया बहनों के साथ समस्त आचार्य दीदी व समिति के सदस्यों व नगर के नागरिकगणों ने योग किया मुख्य योग शिक्षक विकास द्वारा सभी को योग का आसन व योग प्राणायाम के महत्व को बारिकी से बताया व योग करने से मानव जीवन में अनेकों लाभकारी परिवर्तन होते है। जिसके बारे में बताया। जहा योग दिवस में 61 भैया बहन व 16 विद्यालय के स्टाफ 5 विद्यालय समिति सदस्य व 21 अन्य कुल 103 योग में शामिल हुए।

### मातृ सदन विद्यालय ने बनाया गया योग दिवस



**मंदिर हसौद।** शुक्रवार को योग दिवस मनाया गया। वहीं राजधानी रायपुर के पास स्थित नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद में स्थित मातृसदन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मंदिर हसौद जिला रायपुर में श्री ओमकेश्वर सोनवानी पीटीआई के द्वारा प्राचार्य प्रेमशीला एक्का, समस्त स्टॉफ अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम एवं विद्यार्थियों के उपस्थिति में योगाभ्यास कर 'योग दिवस मनाया गया। यह जानकारी पीटीआई ओमकेश्वर सोनवानी ने दी।

### सोसायटी के सरना धान बीज में करगा

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा सहित छेत्र के अधिकांश सहकारी समितियों (सोसायटीयों ) में सरना धान का बीज किसानों को उपल्ब्ध है, इस सरना धान में भारी मात्रा में करगा मिलने की शिकायते सामने आई है। तिल्दा नेवरा व छेत्र के कई किसानों ने आज ख जानकारी देकर बताया एवं अन्य किसानों को भी अवगत करवाया है।

### सशिमं में कई आसनों का अभ्यास कराया

**आरंग।** सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल आरंग में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसका प्रारंभ संगठन मंत्र और ओम के उच्चारण के साथ किया गया। इस अवसर पर कपालभाति, भस्तिका, भ्रमणी, प्राणायाम, वज्रासन, उष्टासन, सवांर्गासन, शीर्षासन, अर्धकटी चक्रासन, ताड़ासन, त्रिकोण आसान, पार्श्व कोण आसान, वीरभद्र आसान प्रकार 1 अष्टांग योग के बारे में बताया गया। हस्त मुद्रिका अंत में प्रतिज्ञा एवं कल्याण मंत्र के साथ समापन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के योग आचार्य संतोष शंख द्वारा संपन्न कराया गया। जिसमें विद्यालय परिवार के दीदी आचार्य, पालकगण एवं समिति सदस्य उपस्थित हुए। विद्यालय के संस्था प्रभारी नीतेश्वरी लोधी ने आभार व्यक्त किया।

### अग्रसेन योगासन शाखा ने मनाया योग दिवस

**आरंग।** अग्रसेन योगासन शाखा द्वारा सरस्वती ज्ञान दीप पूर्व माध्यमिक विद्यालय अग्रवाल पारा आरंग में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के संस्थापक अनुपनाथ योगी, प्रधान पाठक देवकुमारी यादव एवं अशोक कुमार ठाकुर द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। अशोक कुमार ठाकुर द्वारा अष्टांग योग के प्रकार यम, नियम, आसन, प्रणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि के महत्व पर चर्चा कर विभिन्न प्रकार के आसन जैसे शिथिलीकरण क्रिया, उष्ट्रासन, त्रिकोण आसन पादहस्तासन, ताड़ासन, बज्रासन, मण्डूकासन, अर्ध मत्स्येंद्रासन, पश्चिमोत्तासन, नौकासन, पवनमुक्तासन, श्लो सायकल आसन, गिरगिट आसन, भुजंगासन, विमान आसन, शलभासन, धनुरार्सन सूर्य नमस्कार आसन, भ्रामरी, उज्जायी, कपालभाती, प्रणायाम, ध्यान आदि कराया गया।

# अदाणी पावर प्लांट की शिक्षा, स्वास्थ्य और जल संरक्षण के विकास की बनी पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा ब्लॉक में अदाणी पावर लिमिटेड ने न केवल एक शक्तिशाली संयंत्र स्थापित किया है, बल्कि इस क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सामुदायिक सहभागिता को केंद्र में रखते हुए अदाणी पावर लिमिटेड ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, और आजीविका के क्षेत्रों में निरंतर प्रयास किए हैं, जिससे तिल्दा ब्लॉक के निवासियों का जीवन स्तर लगातार सुधर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में नवोदय कोचिंग कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा प्रदान करने से लेकर, 'नोनी लारी' के तहत कॉलेज जाने वाली बालिकाओं के लिए निशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराने, विद्यालयों में मूलभूत भौतिक एवं संगठनात्मक संरचना का सुधार करने, बाल पेंटिंग, समर कैंप, और ई-लर्निंग (एलसीडी) जैसी सुविधाओं के माध्यम से हजारों बच्चों को आधुनिक और गुणवत्ता युक्त शिक्षा से जुड़ने का मौका मिला है। सामुदायिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 'स्वास्थ्य आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से संयंत्र के नजदीक 17 ग्रामों में निशुल्क डॉक्टर परामर्श और दवाइयाँ उपलब्ध कराई जाती हैं। इतना ही नहीं समय-समय पर मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाता है, जिसमें रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देते हैं। वहीं यह संयंत्र पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हुए।

## सामुदायिक सहभागिता से महिलाएं और विद्यार्थी लाभान्वित



### पांच साल में एक लाख पौधारोपण का लक्ष्य

आजीविका बढ़ाने को ध्यान में रखते हुए संयंत्र ने ग्राम ताराशिव के आरईपीए सेंटर सहित तीन अन्य गांवों में 100 से अधिक महिलाओं और लड़कियों को सिलाई केंद्रों की स्थापना के साथ स्वरोजगार से जोड़ा है। इसको लेकर ट्रेनिंग प्रोग्राम भी लगातार चलते रहते हैं, जिससे नए लोगों को भी इस पहल से जुड़ने का अवसर मिलता है। संयंत्र के विस्तार से तिल्दा ब्लॉक में कई हजार लोगों को नई नौकरियां मिलने की संभावनाएं जगी हैं और 1000 से अधिक लोगों को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होने की उम्मीद है। वहीं कुम्हारी जलाशय के संयुक्त उपक्रम से 5000 एकड़ जमीन की सिंचाई भी संभव हो सकेगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। अदाणी पावर रायखेड़ा द्वारा आगे आने वाले 5 वर्षों के अंदर 1,00000 वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया है। मोबाइल मेडिकल क्लिनिक द्वारा आस-पास के 50 ग्रामों में स्वास्थ्य सुविधा एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की योजना पर काम चल रहा है। जिससे 5,00000 लोगों को सीधी सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। लगभग 40 ग्रामों में शासकीय स्कूल में डेस्कबैंच, साइंस एवं कंप्यूटर लैब, बुक लाइब्रेरी, शुद्ध पानी पाइन की सुविधा, टॉयलेट, खेल मैदान, स्पोर्ट्स किट्स, स्मार्ट क्लासेज, गार्डन डेवलपामेंट, स्वरोजगार संबंधित वोकेशनल कोर्स, सिलाई प्रशिक्षण, घर-घर सिलाई मशीन प्रदान, उच्च शिक्षा हेतु स्कालरशिप, गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों के उपचार हेतु अनुदान, तालाब गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण, महिला भवन का निर्माण, सड़क निर्माण, ग्राम पेयजल की व्यवस्था, सामुदायिक भवन, बालवाड़ी झूलाघर, आंगनबाड़ी का मॉडर्नाइजेशन, नाली निर्माण, सामुदायिक मंच, लाइवलीहुड डेवलपामेंट, डेरी प्रमोशन, फ़िशरीज़, हॉर्टिकल्चर हेतु अनुदान, सीड डिस्ट्रिब्यूशन, बाजार हाट निर्माण, ग्रामीण शॉपिंग काम्प्लेक्स आदि शामिल हैं।

## समर्थन : कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निर्धारित तिथि पर जनसुनवाई की अपील की

# अदाणी पावर प्लांट विस्तार पर जनसुनवाई आज, ग्रामीण और सरपंचों ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा ब्लॉक में स्थित अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायखेड़ा के विस्तार हेतु 22 जून को पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा प्रायोजित जनसुनवाईं के समर्थन में आस पास के ग्रामों के ग्रामीणों ने शुक्रवार को रायपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में आसपास के गांव रायखेड़ा, गैतरा, चिचोली, ताराशिव, बहेसर इत्यादि गांव के सरपंचों सहित जनपद पंचायत तिल्दा की अध्यक्ष श्रीमती सुमन देवव्रत नायक, जिला पंचायत सभापति राजू शर्मा, कुर्मी समाज के अध्यक्ष ठाकुर राम वर्मा, ब्लॉक राजपूत समाज के अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर, वेदराम मनहरे, बबलू शर्मा, रूपेन्द्र कटारिया, सरपंच ताराशिव मनीष वर्मा, सरपंच चिचोली पुनीत राम साहू सहित 40 से अधिक सदस्यों से हस्ताक्षरित ज्ञापन रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह को सौपा है।

ज्ञापन में इन्होंने लिखा कि ताराशिव में लोक जनसुनवाई का आयोजन किया गया है जिसका समस्त क्षेत्र के जन प्रतिनिधि एवं ग्रामवासी जनपद अध्यक्ष, जनपद जनपद उपाध्यक्ष, पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य एवं क्षेत्र के अन्य जन प्रतिनिधि, किसान मजदूर सामाजिक संस्था ग्राम सभा के सदस्य सभी सामूहिक रूप से समर्थन करते हैं। 22 जून को जनसुनवाई समयानुसार कराई जाए।" इस ज्ञापन में सरपंच रायखेड़ा श्रीमती सुकबती कूर्रे सहित समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंचों द्वारा हस्ताक्षर कर अपना समर्थन अदाणी पॉवर लिमिटेड के 2 x 800 मेगावाट के पॉवर प्लांट के विस्तारण हेतु समर्थन दिया है।



- 14 से अधिक ग्रामों में अदाणी फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका उन्नयन पर कई कार्यक्रम संचालित

गौरतलब है कि अडाणी पॉवर लिमिटेड की रायपुर जिले के तिल्दा ब्लॉक में कुल 1370 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल तकनीकी की दो इकाइयां पिछले आठ सालों से संचालित है। जिसके सामाजिक सराकारों के तहत आसपास के 14 से अधिक ग्रामों में अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका उन्नयन और ढांचागत विकास के कई कार्यक्रमों का संचालन कर रहा है। जिनमें शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए पहल में नवोदय कोचिंग, बाला पेंटिंग, समर कैंप, बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए कॉलेज में आवागमन हेतु नोनी लारी इत्यादि के माध्यम से बुनियादी शिक्षा में सुधार से बच्चों के भविष्य को संवारने का एक सफल प्रयास किया जा रहा है। अदाणी पावर लिमिटेड के विस्तार से तिल्दा ब्लॉक में विकास के नए आयाम खुल रहे हैं। कई हजार लोगों को नई नौकरियां मिलने की संभावनाएं जगी हैं और 1000 से अधिक लोगों को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होने की उम्मीद है। वहीं कुम्हारी जलाशय के संयुक्त उपक्रम से 5000 एकड़ जमीन की सिंचाई संभव हो सकेगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी।

### समृद्धि का नया द्वार

तिल्दा ब्लॉक में अदाणी पावर लिमिटेड के इन निरंतर प्रयासों ने यह साबित कर दिया है कि जब उद्योग और समुदाय एक साथ मिलकर काम करते हैं, तो विकास और समृद्धि के नए द्वार खुलते हैं। इन प्रयासों से प्रेरणा लेते हुए अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह की पहलें की जा सकती हैं, जिससे संपूर्ण समाज का विकास संभव हो सके।

# सीआरपीएफ कैंप भिलाई महिला सशक्तिकरण केंद्र में योग की धूम



**आरंग।** 21 जून को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। प्रदेश सहित पूरे देश में भी योग के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। वही आरंग के ग्राम भिलाई स्थित सीआरपीएफ कैंप में "महिला सशक्तिकरण के लिए योग" थीम पर योग दिवस मनाया गया।

योग शिविर में सीआरपीएफ छत्तीसगढ़ सेक्टर के डीआईजी शिवकुमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। संस्कृत महाविद्यालय रायपुर से आए योग गुरु रविशंकर साहू ने योग शिविर में शामिल लोगो को योग के आसनों के बारे में बताया। इस अवसर पर सीआरपीएफ छत्तीसगढ़ सेक्टर के डीआईजी शिवकुमार ने कहा कि योग हम सबके जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण है, योग हमारे जीवन में संतुलन स्थापित करता है। आमतौर पर फोर्स में बहुत ही गंभीर स्थितियों का सामना करना पड़ता है। कई बार सोने का समय नही मिलता, खाना पीना ठीक से नही मिलता इस स्थिति में शरीर में संतुलन बनाने के लिए योग जरूरी है। इस आयोजन में शिव कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक, केरिपुबल, छत्तीसगढ़ सेक्टर, अजय कुमार सिंह, उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, रायपुर, सुनील यादव, उप महानिरीक्षक, सेन्ट्रल जोन टैक रायपुर, एन.के. सिंह, उप महानिरीक्षक, छत्तीसगढ सेक्टर के अतिरिक्त केरिपुबल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, कार्मिकों एवं उनके परिवारजनो तथा सरकारी स्कूल भिलाई के बच्चे व भिलाई गांव के ग्रामीणो द्वारा 10वां "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" मनाया गया।

# योग दिवस पर दिखा शानदार उत्साह बरसते पानी में पहुंचे, किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पेंद्र शर्मा के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरंग कुमार सिंह लहरे के नेतृत्व में सभी ग्राम पंचायत एवं मुख्यालय कार्यक्रम अरुंधती देवी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आरंग में आयोजित किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षकों ने मुख्यालय कार्यक्रम की शुरुआत ओम के नाद से की। तत्पश्चात पैर, पीठ, छाती एवं दिमाग और शरीर को ऊर्जा देने वाली योगासन जैसे उत्कटासन, वृक्षासन, सवांर्गासन, भुजंगासन, शशांक आसन, वज्रासन, तितली आसन, मंडूकासन, ग्रीवासन साथ ही प्राणायाम एवं अनुलोम विलोम, भ्रामरी तथा कपालभाति योग भी करवाए गए। योग शिक्षकों ने श्वास पर ध्यान केंद्रित करने की बात करते हुए कहा कि योग से शरीर लचीला बनता है तथा पेट के अंगों की सक्रियता के साथ रीड की हड्डी और कंधे मजबूत होते हैं तथा मन मस्तिष्क में उन्नत विचारों के साथ संकल्प शक्ति भी बढ़ती है।

**अंकुरित चना मूंग का वितरण किया गया**-वहीं इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण भाजपा मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहु, जिला मंत्री अभिषेक राजा तंबोली, महामंत्री अशोक चंद्राकर, पार्षद धुरव कुमार मिर्धा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि डुमेंद्र साहू, पार्षद प्रतिनिधि नरेंद्र लोधी ने भी योग किया एवं प्रधानमंत्री के उस संदेश को याद किया जिसमें योग से असीम शांति एवं जीवन की चुनौतियों का सामना शांति और धैर्य के साथ कर सकने की बात की गई है। वही सीईओ लहरे ने कहा की वर्तमान परि–श्य में हमारी जीवन शैली तनाव की चपेट में है और इसका सुंदर समाधान योग के द्वारा ही संभव है। वही कार्यक्रम के सफल संचालन सहयोग में योग प्रशिक्षक तारकेश्वर डडसेना, अमित अग्रवाल, होरीलाल पटेल, विकास पाठक, शिक्षक अरविंद वैष्णव, महेंद्र पटेल, युवराज मिश्रा की सहभागिता रही। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन विकासखंड शिक्षा अधिकारी निहाली प्रसाद कुर्रे ने करते हुए सबको योग दिवस की शुभकामनाएं दी एवं सभी को पौष्टिक अंकुरित चना मूंग का वितरण किया गया। इस अवसर पर विकासखंड स्त्रेत समन्वयक मातली नंदन वर्मा, नायब तहसीलदार सृजल साहू, प्राचार्य हरीश शर्मा, कन्या प्राचार्य सरोजिनी केरकेट्टा, महिला बाल विकास अधिकारी ॠषि बंजारे, उपअभियंता पोषण साहू एवं सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन, कोसल साहित्य कला मंच आरंग के साथ–साथ शिक्षा विभाग, तहसील, जनपद प्रशासन, नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, नारी शक्ति, ग्राम सचिव, गणमान्य नागरिकगणों आदि की खासी उपस्थिति रही और लोग बरसते पानी में भी योग के प्रति जागरूक नजर आए।

# जीवन को दिव्य-भव्य और काया को निरोगी बनाता है योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा





अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ब्लाक मुख्यालय धरसींवा सहित गांवो में भी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया जंहा पर धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने रायपुर और भाजपा मंडल अध्यक्ष डा. के के वर्मा ने इन्द्रप्रस्थ स्टेडियम धरसींवा व जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सविता चन्द्राकर ने विधान सभा स्थिति स्कूल नेऊरडीह में योगा अभ्यास में शामिल हुए।

दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम जनपद पंचायत धरसींवा के मुख्यकार्यपालन अधिकारी सहित धरसींवा भाजपा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन किया गया साथ ही धरसींवा अंचल में विविध स्कूलों और मैदानों में सैकड़ो लोगों ने साथ सामूहिक योग किया और स्वस्थ जीवन-शैली के लिए नियमित योगाभ्यास करने का संदेश लोगों को दिया।

**अद्भुत जागरूकता आई : विधायक** – अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा ने लोगो के नाम सन्देश पर कहा कि यह देखकर प्रसन्नता होती है कि जिन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जाता है, वह उद्देश्य आज सफल हो रहा है। उन्होंने कहा कि योग का प्रचार और प्रसार आज पूरी दुनिया में हो रहा है। भारत में भी इसे लेकर अद्भुत जागरूकता आई है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जो उत्साह आज प्रदेश पर नजर आ रहा है, वैसा ही उत्साह प्रदेश के सभी जिले, ब्लाक और गांवों में भी है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने संयुक्त राष्ट्र संघ को 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का सुझाव दिया था, जिसके परिणामस्वरूप ही पूरे विश्व में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है।

**योग ही स्वस्थ्य रहने का मार्ग दिखता है : डा. वर्मा**– धरसींवा भाजपा मंडल अध्यक्ष डाक्टर के के वर्मा ने योगाभ्यास के दौरान लोगो से कहा कि योग का अर्थ होता है जोड़ना। योग की प्राचीन परंपरा हम सभी को स्वस्थ जीवन पद्धति से जोड़ती है। योग हमारे मन और मस्तिष्क को आपस में जोड़ता है। योग की प्रक्रिया हमें आध्यात्म और उच्च जीवन मूल्यों से भी जोड़ती है। उन्होंने कहा कि लोग स्व-स्फूर्त योग करने के लिए धरसींवा मैदान पहुंचे और सामुहिक योग में शामिल हुए। श्री री वर्मा ने कहा कि व्यक्ति से ही समाज का निर्माण होता है। योग केवल स्वस्थ जीवन के लिए ही नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए भी जरूरी है। आज पूरी दुनिया योग के महत्व को समझ रही है और अपना रही है।

**योग जीवन दर्शन है: सविता चन्द्राकर**– जिला रायपुर ग्रामीण महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सविता चन्द्राकर ने धरसींवा ब्लाक के ग्राम नेऊरडीह स्कूल में योगाभ्यास किये इस अवसर पर उन्हों ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस है और आज का यह दिन हम सबके लिए गौरव का दिन, स्वाभिमान का दिन है और उल्लास व खुशी का दिन है। आज हम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं और यह तभी संभव हो पाया है जब देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के भगीरथ प्रयास से सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित दुःखभाग भवेत और वसुधैव कुटुंबकम के भाव को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने पर सहमति दी है।

**इनकी भी रही उपस्थिति**- धरसींवा स्टेडियम में योगाभ्यास के दौरान धरसींवा भाजपा मंडल अध्यक्ष डाक्टर के के वर्मा,मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अनिता जैन,जनपद सदस्य भूपेंद्र कसार,मण्डल उपाध्यक्ष कौशल साहू, भाजपा नेता मोहम्मद युनुष,सरपंच विद्या भूषण वर्मा,सरपंच हेमन्त वर्मा,सरपंच रेमन पाल सहित हाई स्कूल के शिक्षक एवम बच्चे उपस्थित रहे।

## 20 महिलाओं को किया गया प्रमाण पत्र प्रदान

# जन शिक्षण संस्थान से महिलाएं बन रही हैं आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा



जन शिक्षण संस्थान द्वारा कौशल विकाश एवं उधमीता मंत्रालय के अधीन में 20 महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण (असिस्टेंट ड्रेस मेकर ) दिया गया। ग्राम पंचायत बरबंदा में आयोजित प्रशिक्षण में आसपास के गांव की महिलाओं ने हिस्सा लिया। जिसमें जन शिक्षण संस्थान के द्वारा बरबंदा में एक्शन प्लान 2023-24 के तहत सिलाई प्रशिक्षण (असिस्टेंट ड्रेस मेकर) के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 20 महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर लोकेश कुमार वर्मा नोडल अधिकारी, नवभारत साक्षरता कार्यक्रम धरसींवा एवं ग्राम पंचायत बरबंदा के सरपंच जीतेन्द्र पटेल और साथ में जन शिक्षा संस्थान के प्रशिक्षिका भारती साहू उपस्थित थी। बता दे कि यहां सामाजिक व आर्थिक रूप से कमजोर युवती व महिलाओं को सशक्त करने की पाठशाला चलती है। जन शिक्षण संस्थान में महिलाओं के हुनर को निखारकर उन्हें रोजगार के लिए तैयार किया जा रहा है। इन महिलाओं को एक साथ कई प्रकार का प्रशिक्षण देकर उन्हें इस लायक बनाया जा रहा है कि वे अपने परिवार की परवरिश खुद कर सकें। पिछले एक दशक में करीब 18 हजार महिलाओं को रोजगार से जोड़ा गया है। यहां से प्रशिक्षित महिलाएं अपने परिवार का भरण-पोषण करने के साथ एक अच्छी जिदगी जी रही हैं।

### नि:शुल्क प्रशिक्षण से महिलाएं बन रही आत्मनिर्भर: भारती

जन शिक्षा संस्थान के प्रशिक्षिका भारती साहू ने बताया कि यहां प्रशिक्षण लेनेवाली युवती व महिलाओं को किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना पड़ता। सरकार के कौशल विकास योजना के तहत संस्था के जुड़े होने के कारण सरकारी स्तर पर संस्था को अनुदान मिलता है। इसकी देखरेख भी सरकारी स्तर पर नियमित की जाती है। यहां अधिकतर आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं प्रशिक्षण के लिए आती हैं। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर हजारो महिलाएं खुद रोजगार से जुड़कर समृद्ध हो चुकी हैं। यहीं नहीं वे हजारों महिलाओं को रोजगार भी दे रही हैं। प्रशिक्षिका की जिम्मेदारी संभाल रही श्रीमती साहू ने कहा कि यहां आने वाली महिलाओं को पहले प्रशिक्षण देकर दक्ष किया जाता है। उसके बाद उनको ॠण उपलब्ध कराकर रोजगार से जोड़ा जाता है। शहर व आसपास के क्षेत्रों में सैकड़ों ब्यूटी रोजगार से जोड़ा जाता है। शहर व आसपास के क्षेत्रों में सैकड़ों ब्यूटी पार्लर खोलकर व सिलाई-कटाई कर महिलाएं आत्मनिर्भर हो चुकी हैं।

# पूज्य सिंधी पंचायत भवन में योगाभ्यास किया गया

**तिल्दा नेवरा।** दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर तिल्दा नेवरा के निवासी, अधिकारी, नेता, बच्चे, बूढ़े, माता बहने सभी ने खुलकर भाग लिया और स्वास्थ्य के लिए योग के प्रति कृत संकल्पित हुए। योग दिवस पर प्रोटोकॉल के अनुसार प्रातः 7:00 बजे से 8:00 बजे तक योग गुरु श्री तुकेंद्र प्रसाद वर्मा एवं भुनेश्वर प्रसाद वर्मा के सानिध्य में पूज्य सिंधी पंचायत भवन में योगा कराया गया। यहां सिंधी समाज के अध्यक्ष छम्मन लाल, हीरा नंद हरिरमानी सहित जनपद पंचायत के सीईओ विवेक जयसवाल एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी सौरभ वर्मा श्रीमती काजल वर्मा, मेघा घृत लहरे , सत्यपाल खूंटे , सहित कई




जनप्रतिनिधियों के साथ नगर वासियों ने योगाभ्यासकर योग से लाभ लिया। हीरानंद हरि रमानी ने योग पर एक सुंदर सा कविता भी प्रस्तुत किया। तत्पश्चात योग से लाभ एवं सावधानियां पर ध्यान आकृष्ट किया गया, नगर के योग साधिका बहनों ने केक काटकर योग दिवस पर अपनी खुशी जाहिर की। इसी तरह अग्रवाल फॉर्म हाउस बिलाडी में योग शिक्षिका चेतना शर्मा ने महिलाओ व युवतियों को योग कराया।

# कृषि पंपों के 50 हजार आवेदन पेंडिंग, सालभर में लगेंगे 20 हजार कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के किसानों का रुझान अब कृषि पंपों की तरफ इतना ज्यादा हो गया है कि करीब सात साल से कृषि पंपों के लिए हजारों की संख्या में आवदेन पेंडिंग हो जाते हैं। बीते कुछ सालों से लगातार हर साल 50 हजार से ज्यादा आवेदन पेंडिंग होने के कारण किसी को भी तत्काल आवेदन देने पर नया कनेक्शन नहीं मिल पाता है। नियम से किसानों को 90 दिनों में कनेक्शन देने का प्रावधान है। अगर खेतों तक बिजली की लाइन नहीं है तो 180 दिनों के अंदर कनेक्शन देने का नियम बिजली नियामक आयोग ने बनाया है, लेकिन इस नियम का पालन हो पाना पेंडिंग कनेक्शन के कारण संभव नहीं हो रहा है।

### पेंडिंग आवेदन निपटाने में लगेंगे चार साल, तब तक उतने ही आवेदन फिर आ जाएंगे



### जितने कनेक्शन, उतने ही आवेदन भी

प्रदेश में जितने कनेक्शन सालभर में दिए जाते हैं, आमतौर पर उतने ही आवेदन हर साल नए कनेक्शन के लिए आ जाते हैं। ऐसे में वापस उतने ही आवेदन पेंडिंग हो जाते हैं। कई सालों से 50 हजार या इससे ज्यादा आवेदन पेंडिंग रहते ही हैं। जानकारों के मुताबिक पूरे आवेदनों का निपटारा करने के लिए प्रदेश सरकार को कम से कम पांच सौ करोड़ का बजट अतिरिक्त देने पर ही सारे आवेदनों का निपटारा संभव होगा।

पेंडिंग आवेदनों के पूरे निपटारे के लिए पांच सौ करोड़ के बजट की जरूरत पड़ेगी, जबकि सालभर के लिए पॉवर कंपनी को डेढ़ से दो सौ करोड़ का बजट मिलता है, इतने बजट में 20 हजार कनेक्शन ही लग पाते हैं। इस साल भी 20 हजार कनेक्शन लगाने का लक्ष्य है।

कृषि पंप के एक कनेक्शन पर करीब एक लाख खर्च होते हैं। पेंडिंग कनेक्शन के ज्यादा आवेदनों को देखते हुए पिछली कांग्रेस सरकार ने एक बार कृषि पंपों के कनेक्शनों के लिए तीन सौ करोड़ का बजट दिया था, तब इसके कारण ज्यादा कनेक्शन लग पाए थे। प्रदेश में किसानों के पंपों के कनेक्शन के पेंडिंग आवेदनों के कारण प्रदेश सरकार ने ज्यादा बजट दिया था तो पहली बार 2021-22 में ही रिकॉर्ड 65743 किसानों को कनेक्शन मिले थे। इसके बाद 22-23 के सत्र में करीब 35 हजार से ज्यादा कनेक्शन दिए गए, लेकिन इतना सब होने के बाद भी 50 हजार से ज्यादा आवेदन पेंडिंग रहे। 23-24 के सत्र में भी बहुत कनेक्शन देने के बाद इस साल मार्च 24 की स्थिति में करीब 55 आवेदन पेंडिंग थे। 2024-25 के सत्र में करीब 20 हजार कृषि पंपों के कनेक्शन दिए जाने हैं। इसमें से इस समय पांच हजार से ज्यादा कनेक्शन दिए गए हैं और 50 हजार के आसपास आवेदन पेंडिंग हैं। अब खेती-किसानी का काम प्रारंभ होने के कारण फसल कटाई तक करीब पांच माह तक नए कनेक्शन लग पाना संभव नहीं होगा। इस बीच पांच माह में 10 हजार से ज्यादा आवेदन और आने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल से लघु वनोपन संघ के एमडी ने की भेंट

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक अनिल साहू ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्य में तेंदूपत्ता संग्रहण, संग्राहकों को भुगतान, लघु वनोपज संग्रहण, प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन एवं विपणन की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त वनवासी ग्रामीणों महिला समूहों के लिए चलाए जा रहे रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम से उनको हो रहे आर्थिक लाभ के संबंध में अवगत कराया। साथ ही छत्तीसगढ़ हर्बल के उत्पादों का हैंपर राज्यपाल को भेंट किया।

### कोषालयीन कर्मचारी महासंघ के मरावी अध्यक्ष



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कोषालयीन कर्मचारी अधिकारी महासंघ की आमसभा में सर्वसम्मति से केएस मरावी को संघ का प्रांताध्यक्ष चुना गया। श्री मरावी वर्तमान में संचालनालय कोष एवं लेखा में अपर संचालक के पद पर कार्यरत हैं। निर्वतमान प्रांताध्यक्ष गांधी लाल भारद्वाज का कार्यकाल 03 वर्ष होने पर समाप्त हो गया था। नियामानुसार चुनाव कराना होता है। किन्तु आपसी सहमति से श्री मरावी को संघ का प्रांताध्यक्ष चुना गया। उक्त चुनाव के निर्वाचन अधिकारी कमल वर्मा अध्यक्ष छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के अध्यक्ष थे जिन्होंने श्री मरावी को प्रांताध्यक्ष घोषित किया।

### पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षामंत्री दें इस्तीफा

**रायपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा कि नीट रिजल्ट में बड़ी गड़बड़ी हुई है,



इनमें बड़े-बड़े लोग भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं, जिसे रोक पाना केंद्र सरकार के लिए गंभीर मामला हो गया है। नीट पेपर रिजल्ट गड़बड़ी से बच्चों की भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रही है। सामने आ रहा है कि 35 उम्मीदवारों को नीट-यूजी के प्रश्नप्रत्र के पर्चे मिले थे। इसमें हर उम्मीदवार से 30-30 लाख रुपए लिए गए थे। केंद्रीय शिक्षामंत्री अपने पद से तत्काल इस्तीफा दें।

### रायपुर नगर निगम को बनाएं महानगरपालिका

**रायपुर** । सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल, शैलेश श्रीवास्तव, सुरेश जैन, शरद गुप्ता ने प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रदेश के सबसे बड़े नगर निगम रायपुर को महानगरपालिका का दर्जा देने या निगम को तीन भागों में विभक्त करके छोटे-छोटे निगम बनाने की मांग की है। सत्यमेव जयते फाउंडेशन ने रायपुर के समुचित विकास के लिए छोटे-छोटे जिलों की तरह नगर निगम रायपुर को भी नए क्षेत्रों को जोड़ते हुए तीन नगर निगम में विभाजित किए जाने की मांग की है। रायपुर नगरीय निकाय क्षेत्र की आबादी लगभग 20 लाख हो चुकी है।

## नीट घोटाले के विरोध में कांग्रेस का राजीव गांधी चौक पर धरना

# भूपेश बोले- केंद्र सरकार नीट मामले में फेल केन्द्रीय शिक्षामंत्री को बर्खास्त किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी के विरोध में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई एवं केन्द्रीय शिक्षामंत्री को बर्खास्त करने की मांग को लेकर एक दिवसीय राजस्तरीय धरना प्रदर्शन राजीव गांधी चौक रायपुर में हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, नीट में जिस प्रकार से पेपर लीक हुआ है, उससे परीक्षार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। जो अयोग्य हैं, वो पैसों के दम पर सेलेक्ट हुए हैं। इसी के खिलाफ आज धरना प्रदर्शन का आयोजन हुआ है।

यह सिर्फ पेपर लीक ही नहीं है, यह महाघोटाला है। महाघोटाला में जिस प्रकार से नंबर दिया गया है, उसमें गड़बड़ी है। गुजरात के परीक्षा केन्द्रों में गंभीर फर्जीवाड़ा हुआ। भाजपा और उसके गठबंधन सहयोगियों के राज्यों में ही अधिकांश घोटाले हुए, गुजरात, हरियाणा और बिहार नीट फर्जीवाड़े का प्रमुख केन्द्र है। बिहार में जो पकड़ा गया वहां से शुरूआत हुई। कोटा के छात्र को बुलाकर वहां एग्जाम दिलाया गया। केन्द्रीय शिक्ष मंत्री यह कहते हैं, कोई पेपर लिक नहीं हुआ। आज उन्हें स्वीकार करना पड़ा पेपर लिक हुआ है और इसमें गड़बड़िया हुई है। इसलिए नीट के एग्जाम रद्द किए जाए। किसी स्वतंत्र एजेंसी से इसकी जांच करात्र जानी चाहिए। हमारी मांग है कि मंत्री और नीट के अध्यक्ष को बर्खास्त किया जाए।




### भाजपा के सांसद मौन क्यों

श्री बघेल ने कहा, सारे जगह भ्रष्टाचार और एक संगठन एक विचारधारा के लोगों की गलत नियुक्तियों के कारण आज पूरे देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। छत्तीसगढ़ से भाजपा के 10 सांसद जीते हैं। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ क्यों किया जा रहा है, ये मौन क्यों है? इनको बोलना चाहिए गलत हुआ है या सही।

### ये रहे उपस्थित

धरने में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू, अंबिका मरकाम, विधायक सावित्री मंडावी, विधायक कविताप्राण लहरे, विकास उपाध्याय, छाया वर्मा, राजेन्द्र तिवारी, गिरीश दुबे, उधोराम वर्मा, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, सूर्यमणी मिश्रा, महेन्द्र छाबड़ा,युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय कन्हैया अग्रवाल, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, गुरूमुख सिंह होरा, राजेन्द्र साहू, लक्ष्मी धुरव, अरूण वोरा, हेमा देशमुख, शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुरेन्द्र शर्मा, नंदलाल देवांगन, सतीश जग्गी, विनोद चंद्राकर, सुबोध हरितवाल, ज्ञानेश शर्मा, श्री कुमार मेनन, शिव सिंह ठाकुर, सुंदर जोगी सहित वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

## वार्डों के विस्तार के लिए अधिकारियों को दी गई परिसीमन की ट्रेनिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव होने से पहले नगर निगम व नगर पालिका क्षेत्रों में वार्डों का विस्तार करने की तैयारियां अब जोर पकड़ने लगी हैं। इसके तहत शुक्रवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के अधिकारियों ने वार्डों का परिसीमन करने वाले राजस्व अधिकारियों को विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण के बाद राजस्व अधिकारी अपने-अपने वार्डों का 24 जून से परिसीमन का काम शुरू कर देंगे। परिसीमन के बाद प्रस्तावों पर दावा-आपत्तियां मंगाई जाएंगी, जिसका निराकरण करने के बाद ही प्रस्ताव को मंजूरी के लिए शासन को भेजा जाएगा।

### निगम आयुक्त ने समय सीमा में प्रस्ताव तैयार करने दिए निर्देश

*रायपुर निगम मुख्यालय के डाटा सेंटर में पहुंचकर आयुक्त अबिनाश मिश्रा भी इस वीडियो कांफ्रेंसिंग में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने निगम क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों को शासन के निर्देश पर वार्डों के परिसीमन का कार्य तय समय सीमा के भीतर करने के निर्देश दिए। इस दौरान डाटा सेंटर में उपायुक्त सामान्य प्रशासन कृष्णा खटीक, उपायुक्त स्वास्थ्य एके हालदार, नगर निवेषक निषीकांत वर्मा, सहायक अभियंता नितिश झा, आषुतोश सिंह, आईटी विशेषज्ञ रंजीत रंजन, डाटा सेंटर के प्रभारी राधेश्याम एक्का उपस्थित थे।*

### 8 जुलाई तक तैयार करना है प्रस्ताव

वार्डों के परिसीमन का प्रस्ताव के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। इसके तहत राजस्व अधिकारियों को 24 जून से 8 जुलाई तक समय दिया गया है। इस समय सीमा में प्रस्ताव तैयार किया जाना है। इसके बाद प्रस्ताव पर दावा-आपत्तियां मंगाई जाएगी। इसके लिए 9 से 15 जुलाई का समय निर्धारित किया गया है। दावा-आपत्तियों के निराकरण करने के बाद ही 18 जुलाई को प्रस्ताव मंजूरी के लिए शासन को भेजा जाएगा।

## बैज बोले- कांग्रेस बिजली कटौती पर करेगी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रही है। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी की जाती थी।

रबी फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलती थी। कांग्रेस की सरकार के दौरान बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चले इसके लिए ट्रांसफार्मर के पॉवर बढ़ाए गए थे, नए ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। ट्रांसमिशनों को अपग्रेड किया गया। भाजपा की सरकार में 6 माह में ही बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है, आम जनता सड़कों पर उतरकर बिजली की समस्या को लेकर आंदोलन कर रही है। श्री बैज ने कहा कांग्रेस बिजली कटौती को लेकर प्रदेश में शीघ्र ही जन आंदोलन छेड़ेगी। श्री बैज ने कहा, पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिए बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटों बिजली गोल हो जाती है।

## संजय बोले- युवाओं का भविष्य चौपट करने वाले किस मुंह से प्रदर्शन कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने नीट और नेट परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को किए गए प्रदर्शन पर कहा, कांग्रेस इस मामले में सस्ती राजनीति करके प्रदेश के उन युवाओं को बरगलाने की शर्मनाक हरकत कर रही है, जिनके साथ कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार ने छल-कपट और धोखाधड़ी की सारी हदें पार कर दी थीं। कांग्रेस के लोग क्या पीएससी का घोटाला भूल गए।



कांग्रेस सरकार ने पीएससी के बच्चों के साथ अन्याय किया, पीएससी में बड़ा घोटाला हुआ तब कांग्रेसियों ने एक शब्द तक नहीं कहा। कांग्रेस को अपने दोहरे राजनीतिक चरित्र पर आखिर कब शर्म महसूस होगी। श्री श्रीवास्तव ने कहा, नीट पेपर लीक मामले पर हायतौबा वह कांग्रेस मचा रही है, जिसने अपने शासनकाल में पीएससी प्रतियोगी परीक्षा में घोटाला करके युवाओं के सपनों को चूर-चूर तो किया ही, साथ ही उनके परिजनों तक के उन अरमानों को रौंदने का काम किया था, जो उन परिजनों ने अपनी सारी जमा-पूंजी, सम्पत्ति दांव पर लगाकर अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य को लेकर संजोए थे। श्री श्रीवास्तव ने कहा, नीट पेपर लीक कांड को लेकर भाजपा सरकार पूरी संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ जांच प्रक्रिया में जुटी है, बावजूद इसके कांग्रेस सस्ती और ओछी राजनीति करके प्रदेश के वातावरण को बिगाड़ने के मौके तलाश रही है।

## मवेशी कारोबारियों के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग, मुस्लिम समाज ने रैली निकाली, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र में एक पखवाड़ा पूर्व छह-सात जून की दरमियानी रात आरंग थाना क्षेत्र में मवेशी तस्करी करने के आरोप में भीड़ द्वारा तीन लोगों की पीट पीटकर हत्या करने की घटना में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं होने से मुस्लिम समाज नाराज है। मुस्लिम समाज के सात सौ लोगों ने शुक्रवार को नमाज पढ़ने के बाद सुभाष स्टेडियम तक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को देखते हुए आधा दर्जन से ज्यादा राजपत्रित पुलिस अफसरों के साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

एएसपी ट्रैफिक ओम प्रकाश शर्मा के मुताबिक मुस्लिम समाज के लोग बंजारी बाबा दरगाह से रैली निकालकर सुभाष स्टेडियम के पास पहुंचे। वहां समाज के लोगों ने एडीएम देवेंद्र पटेल को ज्ञापन सौंप कर हत्या के आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की। रैली के दौरान समाज के लोगों की पुलिस के साथ धक्का मुक्की भी हुई। पुलिस के साथ धक्का मुक्की होते देख जिम्मेदार लोगों ने समाज के लोगों से पुलिस के साथ धक्का मुक्की नहीं करने तथा शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की गुजारिश की। गौरतलब है कि घटना दिनांक को महानदी पुल के नीचे एक मृत तथा दो घायल अवस्था में मिले थे। एक घायल की मौत उपचार कराने अस्पताल ले जाते हुई थी, एक घायल की मौत चार दिन पहले अस्पताल में उपचार के दौरान हुई है।



■ समाज के सात सौ के करीब लोगों ने नमाज पढ़ने के बाद रैली निकालकर एडीएम को ज्ञापन सौंपा

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक नीनु इटियेरा ने प्रस्तुत की रेलवे की उपलब्धि

# जीएम ने गिनाई उपलब्धि, 9 महीनों में चौथी और तीसरी लाइन का काम करेंगे पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को बजट अधिक मिलने के बाद से लगातार विकास कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को महाप्रबंधक नीनु इटियेरा ने उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा विकास कार्यों की जानकारी देने के साथ यात्री सुविधाओं के बारे में भी बताया। बैठक में बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे राष्ट्र का मालवाहक है। जोन भारतीय रेलवे का दूसरा सबसे अधिक माल लदान करने वाला जोन है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 236 मिलियन टन माल लदान किया है, जो 10 प्रतिशत वृद्धि है। महाप्रबंधक ने बताया कि अगले 9 महीनों में हम मल्टी-ट्रैकिंग कार्य करेंगे, इसमें तीन बहुत ही महत्वपूर्ण रेलखंड शामिल हैं, जिसमें बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी लाइन, अनूपपुर-कटनी तीसरी लाइन, राजनांदगांव-नागपुर तीसरी लाइन प्रमुख है। इन कार्यों के पूरा होने से गतिशीलता में काफी सुधार होगा। पिछले वित्तीय वर्ष में हमने 143 किलोमीटर नए सेक्शन, 133.3 किलोमीटर मल्टी-ट्रैकिंग, 3.8 किलोमीटर नई लाइनें और 6 किलोमीटर गेज परिवर्तन का काम पूरा किया है, जिसमें बिलासपुर-उसलापुर आरओआर फ्लाईओवर का निर्माण किया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कुल 421 किलोमीटर का लक्ष्य रखा गया है। 224 किलोमीटर मल्टी-ट्रैकिंग, 20 किलोमीटर नई लाइनें और 177 किलोमीटर गेज परिवर्तन।

### 2025 तक 421 किलोमीटर का लक्ष्य



### 15 ट्रेनों में थर्ड एसी इकोनॉमी कोच

*पिछले वित्तीय वर्ष में महत्वपूर्ण स्टेशनों से 8 जोड़ी नई यात्री सेवाएं शुरू की हैं। 06 जोड़ी ट्रेनों का विस्तार किया गया है। विभिन्न ट्रेनों को 16 स्टेशनों पर नए ठहराव दिए गए हैं । यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पिछले वित्तीय वर्ष में 367 से अधिक अतिरिक्त कोच लगाए गए थे। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 32 अतिरिक्त कोच उपलब्ध कराए जा चुके हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए वर्ष 2023-24 में 3 और ट्रेनों में पारंपरिक आईसीएफ कोचों के स्थान पर एलएचबी कोचों का प्रावधान किया गया है । इसके साथ ही वर्ष 2023-24 में 15 ट्रेनों में थर्ड एसी इकोनॉमी कोच लगाए गए हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में भारत गौरव ट्रेनों के 23 ट्रिप और आस्था स्पेशल ट्रेनों के 11 ट्रिप संचालित किए गए थे।*

### 204 स्टेशनों पर मिलने लगी मुफ्त वाई-फाई

पिछले वित्तीय वर्ष में 13 फुट ओवर ब्रिज और 09 हाई लेवल प्लेटफॉर्म का निर्माण पूरा किया गया। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 01 एफओबी उपलब्ध कराया गया है। विभिन्न स्टेशनों पर 25 लिफ्ट और 14 एस्केलेटर की सुविधा उपलब्ध है और 04 एस्केलेटर और 09 लिफ्ट लगाने का कार्य प्रगति पर है। 204 स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म पर यात्रियों के लिए मुफ्त वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए 1800 करोड़ से अधिक की लागत से 47 स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अलावा हमारी रेलवे के 03 स्टेशनों बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग का पुनर्विकास किया जा रहा है। रेल मदद ऐप और हेल्पलाइन नंबर 139 तथा सोशल मीडिया के माध्यम से यात्रियों की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। इस उद्देश्य के लिए प्रत्येक मंडल व क्षेत्रीय रेलवे मुख्यालयों पर विशेष वॉर रूम बनाए गए हैं।

## शिवसेना ने दिया धरना कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** राष्ट्रहित और प्रदेशहित के मुद्दों पर छत्तीसगढ़ शिवसेना ने बूढ़ातालाब धरनास्थल पर एक दिवसीय धरना दिया गया। उसके बाद मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष मधुकर पांडे, प्रदेश महासचिव सुनील झा, प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला, प्रदेश महामंत्री राजेश ठाकरे, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवा केसरवानी, धर्मेंद्र ठाकुर, धनंजय चौहान, विकास ठाकुर, आरके शुक्ला, प्रदेश सचिव दिनेश ठाकुर, हिमांशु शर्मा, दिनेश ताम्रकार, प्रदेश संगठक आशीष परेडा, महिला सेना प्रदेश सचिव अनामिका अवस्थी, जिला अध्यक्ष नेहा तिवारी, बिलासपुर जिला अध्यक्ष मुकेश, महासमुंद जिला अध्यक्ष अजय बंजारे, बस्तर जिलाध्यक्ष राजेश कुकड़े, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष कमल सोनी आदि शामिल हुए।

**प्रमुख मांगें:** देश को हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए, समान नागरिक संहिता यूसीसी लागू की जाए, नागरिक संशोधन अधिनियम 2019 सीएए को पूरे देश में लागू किया जाए, जनसंख्या नियंत्रण के लिए दो बच्चों से अधिक होने पर उस परिवार को स्वास्थ्य, स्कूल, राशनकार्ड, गैस कार्ड का सरकारी लाभ न दिया जाए।

## खबर संक्षेप

### एफ-95 ने सुब्रतो कप में एथलीटों को दी फिजियोथेरेपी सहायता

**रायपुर।** एफ-95 एडवांस फिजियोथेरेपी और रिसर्च सेंटर ने हाल ही में 20 जून को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतिष्ठित सुब्रतो कप में भाग लेने वाले फुटबॉल खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण फिजियोथेरेपी सहायता प्रदान की। एथलीटों की सुरक्षा और प्रदर्शन सुनिश्चित करने में फिजियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए एफ-95 ने अपने तीन विशेषज्ञ खेल फिजियोथेरेपिस्टों डॉ. संस्कृति मिश्रा, डॉ. पनुश्री और डॉ. शशि को कार्यक्रम में भेजा। फुटबॉल जैसे संपर्क खेल, जहां चोटों का जोखिम काफी अधिक होता है। फिजियोथेरेपिस्ट न केवल मैदान पर गंभीर चोटों का प्रबंधन करने में मदद करते हैं, बल्कि ऐसी चोटों की घटनाओं को कम करने के लिए निवारक उपायों पर भी काम करते हैं। टीम एफ-9 ने पूरे टूर्नामेंट में घुटने और टखने की कई चोटों को प्रबंधित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### आज से मां कामाख्या की अम्बुवाची योग पूजा

**रायपुर।** मां कामाख्या सेवा समिति फोकटपारा, देवेंद्र नगर, फाफाडीह द्वारा पांच दिवसीय अम्बुवाची योग पूजा का आयोजन 22 से 26 जून तक पं. हिरेंद्र विश्वकर्मा के नेतृत्व में विधि-विधान से किया जाएगा। मां कामाख्या सेवा समिति के सचिव मनोज रेलवानी ने बताया कि आदिशक्ति मां कामाख्या व झरिया वाले चांदसा वली बाबा की मजार पर प्रतिवर्षानुसार विशेष अम्बुवाची योग पूजा में 22 जून को सुबह गणेश पूजा, वरुण पूजन, गंगा पूजन, जल मातृका पूजन, वास्तु पूजन एवं रात्रि में मां कामाख्या का अभिषेक श्रृंगार के पश्चात मंदिर के पट बंद कर दिए जाएंगे, ये पट 4 दिनों तक बंद रहेंगे।

## निधन

### प्रतिभा गायकवाड़



**रायपुर।** लवकुश विहार चौबे कालोनी रायपुर निवासी प्रतिभा गायकवाड़(90) का 20 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 जून को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे हरिभूमि प्रेस के वरिष्ठ पत्रकार अरविंद गायकवाड़, मनोज गायकवाड़ और मनीषा डांगे की माताजी थीं। हरिभूमि परिवार ने उनके निधन पर शोक जताते हुए श्रद्धांजलि दी है।

# घर बनाना तीन सौ रुपए वर्गफीट महंगा, 10 लाख में बनने वाले मकान पर तीन लाख का ज्यादा फटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपना आशियाना बनाना अब बहुत महंगा हो गया है। बिल्डिंग मटेरियल के महंगे होने के कारण मकान बनाने की लागत 30 फीसदी तक बढ़ गई है। पहले ठेकेदार जिस मकान को बनाने के लिए हजार से 11 सौ रुपए प्रति वर्गफीट लेते थे, वो अब 13 से 14 सौ रुपए ले रहे हैं। ऐसे में पहले हजार वर्ग फीट का जो मकान 10 से 11 लाख में बन जाता था, वह अब 13 से 14 लाख में बन रहा है। इस समय सबसे ज्यादा रेत की कीमत मकान बनाने वालों को रूला रही है। रेत 30 से 34 रुपए वर्ग फीट तक चली गई है। इसी के साथ सीमेंट, सरिया और अन्य सामान भी महंगे हो गए हैं।

महंगाई से हर कोई परेशान है। घरेलू सामानों की कीमत तो कभी भी बढ़ जाती है। उसी तरह से घर बनाने के सामान भी कभी भी बढ़ जाते हैं। खासकर सीमेंट, सरिया, रेत, गिट्टी की कीमत के बढ़ने का असर मकान बनाने पर पड़ रहा है। अभी मानसून के कारण सबसे ज्यादा रेत की कीमत रूलाने का काम कर रहा है। जो मीडियम रेत पहले 16 से 17 रुपए फीट में मिल रही थी, वह अब 24 से 26 रुपए फीट तक पहुंच गई है। इसी तरह से बारिक रेत जो 20 से 22 रुपए में मिल रही थी, वह रेत अब 26 से 28 रुपए हो गई है। सीमेंट की कीमत भी अब तीन सौ के पार है। सरिया की कीमत इस समय भले 60 हजार रुपए टन से कुछ कम है, लेकिन इसकी कीमत भी कभी भी बढ़ जाती है। इसी के साथ मकान बनाने के काम में आने वाले अन्य सामानों में टाइल्स, बिजली, सेनेटरी के सामान भी महंगे हो गए हैं। दरवाजे खिड़कियों की कीमत भी बढ़ी है। चाहे लकड़ी के दरवाजे हो या फिर एल्यूमिनियम के सबकी कीमत 20 से 25 फीसदी तक बढ़ गई है।

### तीन सौ रुपए वर्गफीट बढ़ी कीमत

मकान बनाने का काम करने वाले ठेकेदार पहले मकान बनाना का ठेका सामानों के साथ हजार से 11 सौ रुपए वर्ग फीट में ले रहे थे। लेकिन अब इसको 13 से 14 सौ रुपए कर दिया गया है। अगर सामान की क्वालिटी पर जाएंगे तो इसकी कीमत और ज्यादा बढ़ जाती है। मकान बनवाने वाले अगर सामान अपने हिसाब से पसंद करते हैं तो पहले जो कीमत 12 से 13 सौ रुपए वर्ग फीट थी, वह अब 14 से 15 सौ रुपए ले रहे हैं।

**बिल्डिंग मटेरियल के महंगे होने का बड़ा असर**



### मजदूरी भी बढ़ी

छोटे घरों का काम करने वाले ठेकेदार गोपाल साहू के मुताबिक बिल्डिंग मटेरियल की कीमत के कारण लागत बढ़ी है। इसी के साथ मजदूरों की मजदूरी में भी इजाफा हो गया है। पहले दो से ढाई सौ रुपए में रेजा और कुली मिल जाते थे अब तीन से साढ़े तीन सौ रुपए लगते हैं। मिस्त्री पहले रोज का चार सौ रुपए लेते थे, लेकिन अब पांच से छह सौ रुपए लेते हैं।

## कार्रवाई : कई टुकड़ों में बेचने के लिए मुरुम रोड बनाकर अवैध प्लाटिंग

# प्रशासन की सख्ती के बाद भी नहीं थम रहा अवैध प्लाटिंग का खेल, 3 एकड़ जमीन पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रशासन की सख्ती के बावजूद रायपुर जिले में अवैध प्लाटिंग का खेल थम नहीं रहा है। रायपुर नगर निगम के जोन-8 क्षेत्र में दो जगह पर 3 एकड़ भूमि पर मुरुम रोड बनाकर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। निगम अमले ने इस मामले में दोनों जगह कार्रवाई करते हुए इस पर रोक लगाई। इधर बिरगांव निगम क्षेत्र में भी ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कई खसरा नंबरों की जमीन पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई गई है।

- जेसीबी मशीन से रोड काटकर किया ध्वस्त

नगर निगम रायपुर क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। भू माफिया से जुड़े लोग एक खसरा नंबर की जमीन को कई टुकड़ों में बेचने के लिए मुरुम रोड बनाकर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। इस कड़ी में नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को जोन -8 क्षेत्र में अलग-अलग दो जगह पर अवैध प्लाटिंग के मामले में कार्रवाई करते हुए इस पर रोक लगाई है। जोन 8 कमिश्नर अरुण ध्रुव ने बताया कि वीर सावरकर नगर वार्ड नंबर 1 के जरवाय में वाटर फैक्ट्री के पास लगभग ढाई एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी, जिस पर रोक लगाई गई है। इसी प्रकार रामकृष्ण परमहंस वार्ड नंबर 20 क्षेत्र में मारुति लाइफ स्टाइल परिसर के पीछे लगभग आधा एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग का काम चल रहा था। यहां प्लाट की कटिंग कर नींव डालने का काम किया जा रहा था, साथ ही मुरूम रोड का निर्माण भी हो चुका था। टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से रोड काटकर अवैध प्लाटिंग का काम रुकवाया। जोन कश्मिनर ने बताया दोनों जमीन के मालिक का पता लगाया जा रहा है, जिसके बाद उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।





### बिरगांव में तालाबों के पास की जा रही थी अवैध प्लाटिंग

बिरगांव निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के मामले में ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई है। निगम आयुक्त बृजेश क्षत्रिय ने बताया कि प्रशासन के निर्देश के बाद अवैध प्लाटिंग मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में वार्ड क्रमांक-5 में चौखड़िया तालाब के पास बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसकी शिकायत मिलने के बाद यहां कार्रवाई की गई है। यहां खसरा नं.487/1,487/2,487/3,485/1,485/2 ,485/3, और 486/1 में अवैध प्लाटिंग हो रही थी। इस पर तत्काल रोक लगाया गया है। इसी प्रकार रावाभाटा वार्ड नं.12 में दर्री तालाब के पास खसरा नं.269/4 और 269/304 में विनोद कुमार शेष और मुकुंद राव शेष प्लॉटिंग करा रहे थे। यहां मार्ग सरंचना बनाई गई थी, जिसे हटाया गया। इसके अलावा रावाभाटा मेटल पार्क से निमोरा रोड पर खसरा नं. 05 जमीन को अतिक्रमण कर यहां अवैध सड़क बनाई गई थी, जिसे तोड़कर मुक्त कराया गया।

# पिता की शवयात्रा, बेटियों ने मां के साथ मिलकर दिया कंधा



हरिभूमि न्यूज : रायपुर

बीमारी से पिता की मृत्यु होने के बाद बेटियों ने मां के साथ मिलकर शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाते वक्त कंधा दिया। इस दौरान शवयात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। लभांडी के ब्रह्मदेव नगर निवासी दुबे परिवार के मुखिया की तबीयत काफी खराब थी और उनका इलाज चल रहा था। पिता की मृत्यु के बाद उनकी बेटियों ने अपनी मां के साथ मिलकर शवयात्रा को कंधा दिया और श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार पूरा किया। इस दौरान वहां मोहल्लेवासियों के साथ तेलीबांधा पुलिस भी मौजूद रही।

# ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण के लिए जल वाहिनी दीदी की जाएंगी तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षित करने किए जाने वाले कार्यों में अब महिलाओं की भी भागीदारी दिखेगी। प्रशासन ने इसके लिए नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान शुरू करने जा रहा है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कैसे जल संरक्षण किया जाना है इसके लिए महिला समूह की महिलाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी।

कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने शुक्रवार को नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान को लेकर बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में जल को संरक्षित करने के लिए अभियान शुरू किया जाना है। इसमें ज्यादा से ज्यादा महिला शक्तियों को जोड़ना होगा जो आमजनों को जल संरक्षित करने के लिए प्रेरित करेंगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए महिलाओं को पहले ट्रेनिंग दी दिया जाए कि किस तरह से बारिश के पानी को संरक्षित किया जा सके। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप उपस्थित थे।

### जल स्तर नीचे वाले गांवों में फोकस

बैठक में बताया गया कि अभियान के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूह की सदस्यों को सभी पंचायतों में जल संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे। विशेष रूप से उन पंचायतों में फोकस किया जाएगा, जहां पर जल स्तर बहुत ही नीचे है और वहां वाटर रिचार्ज की ज्यादा आवश्यकता है।

# कनिष्ठ अभियंता के मॉडल उत्तर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यावासिक परीक्षा मंडल द्वारा कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी कर दिए गए हैं। इसके जरिए स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन के रिक्त पद भरे जाएंगे। व्यापम ने यह परीक्षा 3 मार्च को आयोजित की थी। दावा आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि 28 जून है। इसके बाद दावा आपत्तियों का निराकरण करते हुए अंतिम उत्तर और परिणाम जारी कर दिए जाएंगे। विस्तृत जानकारी व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

# मालिक को लाभ पहुंचाने बिचौलिये ने खोली सात फर्जी फर्म सीजीएसटी ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पौने छह करोड़ रुपए की इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) चोरी करने के आरोप में सेंट्रल जीएसटी की टीम ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने टैक्स चोरी करने के आरोप में जिसे गिरफ्तार किया है, उसने सात फर्जी फर्म बनाकर टैक्स चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

- 70 करोड़ रुपए आटीसी चोरी मामले की जांच में फर्जी फर्म का खुलासा
- सीजीएसटी ने पकड़ी पौने छह करोड़ की टैक्स चोरी

मामले का खुलासा एक पुराने 70 करोड़ की टैक्स चोरी की जांच में हुआ है।

सेंट्रल जीएसटी के आयुक्त मोहम्मद आबू सामा के मुताबिक पिछले माह फर्जी फर्म के माध्यम से 70 करोड़ रुपए इनपुट टैक्स क्रेडिट लेने के आरोप में सर्वेश कुमार पाण्डेय को गिरफ्तार किया गया है। सर्वेश द्वारा फर्जी फर्म के माध्यम से इनपुट टैक्स क्रेडिट लेने के मामले की जांच के दौरान दीपक इंटर प्राइजेस के संचालक दीपक कुमार मिश्रा का नाम सामने आया, जो सर्वेश का ब्रोकर भी है। उसके द्वारा सर्वेश को लाभ पहुंचाने सात फर्जी फर्म बनाकर टैक्स चोरी करने की जानकारी मिली।



इसके बाद दीपक के ठिकानों पर सीजीएसटी की टीम ने छापे की कार्रवाई करते हुए दीपक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया है।

### सीएम ने संत कबीरदास की जयंती पर दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संत कबीर साहेब की जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि कबीर साहेब न सिर्फ एक आध्यात्मिक संत थे, बल्कि वे एक समाज सुधारक और युग-प्रवर्तक भी थे।

## पेज 11 के शेष

### नाले में मुसीबत की...

रहे, लेकिन मलबे को हटवाने के बजाय आसपास ही छोड़ दिया हैं। इससे समस्या का स्थाई समधान नहीं हुआ है। इससे वार्ड के लोगों को जलभराव की चिंता सताने लगी है।

**कटाव का शिकार हो रहा नाला :** दलदल सिवनी व सड्डू का पानी निकासी बेहतर करने के लिए वार्ड 7 में 800 मीटर लंबा व 10 फीट चौड़ा कवर्ड नाला बनाने के लिए जोन के जिम्मेदारों ने करीब तीन साल पहले दूसरी बार नाला बनाने के लिए एक करोड़ सात लाख का प्रस्ताव सरकार को भेजा, जिसे मंजूरी नहीं मिली। इससे द्वारिका विहार, अविवा गार्डन क्षेत्र, पोल्ट्री फार्म इलाका, दया नगर, ग्रीन गार्डन क्षेत्र में जलभराव की समस्या निर्मित होने वाली है। सड्डू मुक्तिधाम से एम्यूजमेंट पार्क तक बरसात में कटाव के चलते नाले की चौड़ाई लगातार बढ़ रही है।

### महिला के गले से...

मिश्रा तथा महाराष्ट्र, गोंदिया निवासी शैलेश किशन बागड़े को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल बदमाश निखिल फरार है। बदमाशों ने शिव विहार कालोनी देवनगरी निवासी 48 वर्षीय सरिता चंद्राकर के साथ चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया था। महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि घटना दिनांक को वह रायपुरा में सुमित बाजार से सामान खरीदकर घर लौट रही थी। इसी दौरान उनके घर के पास पल्सर सवार बदमाश जिसने अपने मुंह में स्कार्फ बांधा था, उसके करीब पहुंचा और गले से मंगलसूत्र लूटकर फरार हो गया। चेन लूटने के बाद घटना स्थल से दूर खड़े नवीन के साथी बाइक में सवार होकर मौके से फरार हो गए।

### अब प्रवेश परीक्षा पर...

मुताबिक सामान्य ज्ञान तथा लॉ के बेसिक सवाल पूछे जाने थे। अधिकतर छात्रों ने प्रवेश परीक्षा खराब जाने और सवाल आउट ऑफ सिलेबस होने की बात कही है। वहीं रविवि ने इस आरोपों से इनकार किया है। विवि प्रबंधन का कहना है कि सभी सवाल सिलेबस से ही पूछे गए हैं।

### आयरन की सरकारी सप्लाई...

लिए गए थे। इन सरकारी संस्थानों में दवाओं की सप्लाई दवा सप्लायर एजेंसियों से खरीदकर सीजीएमएससी के माध्यम से की जाती है। इन दवाओं को कालीबाड़ी के प्रयोगशाला भेजा गया था, विभिन्न तरह की जांच में इन दवाओं को सही पाया गया है, यानी उनमें किसी तरह की कमियां नहीं है।

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18, तहसील व जिला-रायपुर**

**-:: आम सूचना :-**

जारी दिनांकः- 21/06/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम-धरमपुरा प.ह.नं. 78 रा.नि.मं. रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक रूची खंडेलवाल पिता गोपाल खंडेलवाल निवासी रामसागरपारा रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 199/9 रकबा 0.1160 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./क/वाचक/ तहसीलदार अ-12 वर्ष-2024 आदेश दिनांक 18/06/24 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन दिनांक-03/07/24 को समय 12.00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा / आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन / कार्य किया जा सकता है। सीमांकन / बटांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

**सो सूचना जानें।**

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मस्तूरी, जिला बिलासपुर छ०ग०**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202310071300107/3-6/2023-24
ग्राम-चिल्हाटी

रजनीश तिवारी पिता स्व. श्री अमृतलाल तिवारी, निवासी लोहर्सी तहसील पचपेड़ी, जिला-बिलासपुर छ०ग०.. ...अपीलार्थी

विरूद्ध

ररूहा पिता काशीराम निवासी चरोदा, तहसील व जिला-रायपुर छ०ग०. ..उत्तरवादी

एतद् द्वारा ग्राम चिल्हाटी प.ह.नं. 50 रा.नि.मं. चिल्हाटी, तहसील पचपेड़ी, जिला बिलासपुर के उत्तरवादी को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा न्यायालय तहसीलदार मस्तूरी के नामांतरण कमांक 112 वर्ष 2009-10 में पारित आदेश दिनांक 22.09.2010 के विरूद्ध छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 28.06.2024 के लिए नियत है। अतः आपको समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि नियत तिथी को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। आज दिनांक 21.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
मस्तूरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
मस्तूरी, दिनांक 21.06.2024

---

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.**

**-: ईश्तहार :-**

ग्राम नायकबांधा प.ह.नं. 26 तहसील अभनपुर रा.प्र.क्र. 202406110500053 ब/121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रभाष चंद्र मंडल पिता वीरेन्द्र नाथ मंडल निवासी- मठपुरैना रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम नायकबांधा पहन 26 रा.नि.म. व तह अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.न. 320/16 रकबा 0.0418 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त वाद भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी दिनॉक **08/07/2024** तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में पेश कर सकते है । नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति या दावा पर विचार नही किया जायेगा ।

आज दिनॉक 19/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार
अभनपुर, जिला रायपुर

---

**राजस्व मण्डल, छ.ग. बिलासपुर सर्किट कोर्ट, रायपुर**

**-: राजस्व मामले की नोटिस :-**

प्र.क्र.- आर. एन./12/आर/अ-46/138/2010

पेशी दिनांकः-08/07/2024

प्रति,

1. श्रीमती कामिनी बाग पति स्व. बेनू बाग
2. पुरुषोत्तम बाग पिता स्व. बेनू बाग
3. ना.बा. लक्ष्मी बाग पिता स्व. बेनू बाग द्वारा वली मां श्रीमती कामिनी बाग तीनों निवासी-118 वार्ड नं. 09 बेलमुंडी, बलोदा, जिला- महासमुंद (छ.ग.)
4. श्रीमती शकुन्तला आ. अभिमन्यु निवासी-बेलमुंडी रा.नि.म.-खम्हारपाली, जिला- महासमुंद (छ.ग.)
5. डोलामणी पिता सबरो
6. तपिमन्यू पिता सबरो दोनों निवासी-बेलमुंडी प.ह.न.-18 रा.नि.म.- खम्हारपाली, जिला- महासमुंद (छ.ग.)

पुनरीक्षणकर्ता मिनकेतन पिता डमरू निवासी-ग्राम बेलमुंडी प.ह.न.-18 रा.नि.म.- खम्हारपाली, तहसील- सरायपाली, जिला- महासमुंद (छ.ग.), द्वारा न्यायालय अध्यक्ष, राजस्व मंडल छ.ग. बिलासपुर, सर्किट कोर्ट, रायपुर के न्यायालय में पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक- आर. एन./12/आर/अ-46/138/2010, न्यायालय अपर आयुक्त, रायपुर संभाग, रायपुर के प्र.क्र. 392/अ-46 /2008-09 पक्षकार डोलामडी व 1 अन्य विरूद्ध अभिमन्यु व 1 अन्य में पारित आदेश दिनांक 25/01/2010 के विरूद्ध पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 08/07/2024 को तिथि नियत है । अतः उक्त दिनांक को समय दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में आप स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो । यदि उक्त तिथि एवं समय को आप खुद या आपके मुख्त्यार या अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुए तो मुकदमे का फैसला एकतरफा किया जायेगा ।

(मुहर) राजस्व मण्डल, छ.ग.
सर्किट कोर्ट रायपुर

---

**:: आम सूचना ::**

दिनांक 21.06.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकारगण 1. श्री हितेश अशोक मनवानी पिता श्री अशोक मनवानी निवासी म.नं. 155/4, रिशी कॉलोनी, अपोजिट डॉ. डी.डी. अग्रवाल, दयालबंध बिलासपुर (छ.ग.), 2. श्री विनय गेमनानी पिता श्री पुरषोत्तम गेमनानी निवासी म.नं. 05, तोरवा, अपोजिट, धानमंडी, बिलासपुर ने विक्रेता श्री आकाश पिता श्री गोपाल दास डागा, निवासी-प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम अकोलीडीह, प.ह.नं. 00002, तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर छ.ग. में स्थित खसरा नं. 31/3 रकबा 0.0900 हेक्टेयर को क्रेता क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम ब्याना राशि विक्रेता को अदा कर दिया है, अब मात्र पंजीकृत विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाना मात्र शेष है । अतः उक्त संव्यवहार से जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, बोर्ड, निगम, वित्तीय संस्था, बैंक आदि को कोई दावा या आपत्ति, उजर है तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मय दस्तावेज सहित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे, बादमयाद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा, तथा उक्त संबंध में की गई कोई भी आपत्ति अवैध व शून्य समझा व माना जावेगा। सो सूचना जाने ।

भवदीय
**गनपत राम यादव, नोटरी अधिवक्ता**
**सेक्टर-1, सड़क नं.-1,**
**प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9425211642, 8827412400**

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण एवं आम जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता-राजेन्द्र कुमार दीक्षित पिता श्री रामस्वरूप दीक्षित, निवासी-कृष्णा नगर, बोरियाखुर्द, रायपुर तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की आवासीय परिवर्तित भूमि जो कि वाके मौजा-ग्राम-बोरियाखुर्द, प.ह.नं.-71, रा.नि.मं.-रायपुर-1, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर-284/8 रकबा 0.0110 हेक्टेयर अर्थात 1184 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिये है तथा पंजीयन की कार्यवाही मात्र शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संव्यवहार से या उक्त सौदे पर किसी भी व्यक्ति संस्था, निकाय, बैंक बीमा, वित्तीय संस्था, आर.डी.ए शासन, प्रशासन निगम, पंचायत इत्यादि अन्य को किसी भी प्रकार की उजर या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 10 दिन के अंदर मेरे समक्ष लिखित मय दस्तावेज के अपने आपत्ति दर्ज करावें बाद म्याद उपरोक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करवा लिया जायेगा, तथा उपरोक्त उल्लेखित समयावधि के बाद प्रस्तुत की गयी आपत्ति, उजर या दावा झूठी व विधि विरूद्ध मानी जावेगी, एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-21/06/2024

भवदीय
अनुज मिश्रा (अधिवक्ता)
सिविल कोर्ट, रायपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईशतहार //**

ग्राम परसदा प.ह.नं. 05
रा.प्र.क्र. ...../ अ-74 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मया राम साहू पिता गोपाल प्रसाद साहू एवं अन्य 01 निवासी डबरा पारा परसदा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम परसदा प.ह.नं. 05 रा.नि.म. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. स्थित ख.नं. 14/1 रकबा 1.3700 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदकगण के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का नक्शा बटांकित नही है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का नक्शा बटांकन किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था/ समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 27/06/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 13/06/2024 को जारी किया गया।

(मुहर) अति तहसीलदार
उप तहसील खोरपा



खबर संक्षेप




## ईपीएफ से आधार सीडिंग अब 30 तक

**रायपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ क्षेत्र में व्याप्त समस्त संस्थानों के नियोक्ताओं, अंशदाताओं/सदस्यों से विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन सुविधाओं का लाभ लेने के लिए आधार सीडिंग की अवधि को 30 जून 2024 तक बढ़ा दी है। इस संबंध में नियोक्ताओं को सभी अंशदाता सदस्यों का यूएएन आधार से लिंक करना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है, जिससे आधार से लिंक मोबाइल नंबर के साथ नियोक्ता से संपर्क कर अपना आधार यूएएन से लिंक कराएं, ताकि पीएफ व पेंशन से संबंधित त्वरित सुविधाओं का लाभ आसानी मिल सके।

## दोबारा नीट की परीक्षा शीघ्र लेने आईएमए ने की मांग

**रायपुर।** धांधली के आरोपों से घिरी नीट की परीक्षा शीघ्र दोबारा लेने की मांग इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने की है। आईएमए के रायपुर अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता ने कहा है कि नीट परीक्षा में लगातार आ रही धांधली की खबरों ने डॉक्टर समुदाय को चिंतित कर दिया है। निश्चित रूप से देश के अलग-अलग राज्यों में सक्रिय शिक्षा तंत्र माफिया दोयम दर्जे के छात्र-छात्राओं को चिकित्सक बनाने पर तुला हुआ है। इस वर्ष की नीट परीक्षा लगातार विवादों में घिरती चली जा रही है इसका बेहतर सर्व सम्मत हल दोबारा नीट परीक्षा कराने में ही है।



# सीसीपीएल से अब छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के लिए खुलेंगे आईपीएल के रास्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


छत्तीसगढ़ प्रीमियर टी-20 क्रिकेट लीग में प्रदेश के जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों ने अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी से शानदार प्रदर्शन किया है। अब ऐसे खिलाड़ियों पर क्रिकेट संघ के चयनकर्ताओं की नजर है। सीसीपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को संघ टीम में खेलने का मौका दे सकता है। इसे लेकर संघ टीम बनाने के दौरान मंथन होगा। लीग मैच में जूनियर खिलाड़ियों का बड़े मैच खेलने का रास्ता आसान हो सकता है, तो वहीं सीनियर को लेकर अब आईपीएल में डेब्यू करने की संभावनाएं और बढ़ गई हैं। लीग मैच में खासतौर से स्नेहिल चड्ढा, अभिजीत टाह, मोहम्मद इरफान और प्रवीण कुमार यादव का खेल बेहतरीन रहा है। इनके इस प्रदर्शन पर छत्तीसगढ़ क्रिकेट बोर्ड के साथ ही बीसीसीआई के अधिकारियों की भी नजर रही। उनका मानना है कि ये भविष्य में और भी बेहतर करेंगे और इनका भविष्य उज्ज्वल है, क्योंकि ऐसा प्रदर्शन इन्हें आइपीएल के मंच पर लाकर खड़ा कर सकता है।

## छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग में चमके खिलाड़ियों पर चयनकर्ताओं की नजर, टीम को मिल सकता है नया प्लेयर

### अभिजीत ने बल्लेबाजी में दिखाया दम

अभिजीत टाह ने इस लीग में बिलासपुर बुल्स की तरफ से ही खेला। इसमे उन्होंने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया है। छह मैच में अभिजीत ने 194 रन बनाए। इसमें एक तेजतर्रार अर्धशतकीय पारी भी शामिल है। अपनी प्रतिभा के दम पर वे प्रतिभावान खिलाड़ी के रूप में इस लीम के माध्यम से सामने आए हैं।

■ रणजी व बड़े मैचों में मिल सकता है डेब्यू का मौका



### इन खिलाड़ियों का रहा शानदार प्रदर्शन

स्नेहिल की धारदार गेंदबाजी, झटके 14 विकेट

क्रिकेट संघ के होनहार खिलाड़ियों की लिस्ट में स्नेहिल चड्ढा भी आते हैं। उन्होंने इस लीग में शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया है। स्नेहिल ने इस लीग में सरगुजा टाइगर्स की तरफ से खेला और छह मैच में 14 विकेट लेकर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।

### इरफान का रहा हरफनमौला प्रदर्शन

मोहम्मद इरफान बिलासपुर के एक शानदार क्रिकेटर हैं। उनका का पूर्व प्रदर्शन शानदार रहा है। वहीं इस लीग में हरफनमौला प्रदर्शन किया। सात मैच में 154 रन बनाने के साथ ही सात विकेट लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। इन पर भी सलेक्टरों की नजर है।

### प्रवीण ने की अच्छी गेंदबाजी

प्रवीण कुमार यादव के प्रतिभावान गेंदबाज हैं। लीग में रायगढ़ लायंस की टीम से खेलते हुए पांच मैच में नौ विकेट लेने में सफल हुए। टीम यदि आगे पहुंचती तो प्रवीण का प्रदर्शन और भी निखरकर सामने आता। उसके इस प्रदर्शन ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

### दो जोड़ी भालू के बदले ला रहे जेब्रा, मीरकैट

# गुजरात जू में रहने वाले वन्यजीव जेब्रा मीरकैट का नया ठिकाना जंगल सफारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो साल प्रयास के बाद जंगल सफारी प्रबंधन को अपने जू में जेब्रा लाने में कामयाबी मिलती दिख रही है। गुजरात स्थित जामनगर जू दो जोड़ी भालू के बदले एक जोड़ी जेब्रा के साथ, मीरकैट प्रजाति के वन्यजीव देने के लिए राजी हुआ है। जामनगर जू प्रबंधन द्वारा भालू के बदले जेब्रा तथा मीरकैट देने की सहमति मिलने के बाद सफारी प्रबंधन सीजेडए से अनुमति लेने के बाद रविवार को जेब्रा लेने गुजरात रवाना होगा।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

जंगल सफारी के डायरेक्टर धम्मशील गणवीर के मुताबिक जंगल सफारी की टीम जिसमें डॉक्टर भी शामिल रहेंगे, जेब्रा लेने रविवार को जामनगर के लिए रवाना होगी। जामनगर से जेब्रा तथा मीरकैट लाने एक सप्ताह का समय लग सकता है। जिस वाहन से जेब्रा, मीरकैट लाएंगे, उसी वाहन से यहां से दो जोड़ी भालू जामनगर जू के सुपुर्द किया जाएगा। अफसर के अनुसार जेब्रा लाने के लिए सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। गौरतलब है कि जंगल सफारी में वर्तमान में अलग-अलग प्रजाति के छह सौ वन्यजीव रह रहे हैं। इनमें विदेशी प्रजाति के वन्यजीव में दरियायी घोड़ा भी शामिल है।


### आचार संहिता की वजह से अदला-बदली नहीं हो पाई

विभागीय अफसरों के मुताबिक जेब्रा लाने उन्हें छह माह पूर्व ही अनुमति मिल गई थी, चुनाव आचार संहिता की वजह से फंड रिलीज नहीं हो पाया था, जिसकी वजह से वन्यजीवों की अदला-बदली नहीं हो पाई थी। आचार संहिता समाप्त होने के बाद वन्यजीवों की अदला-बदली संभव हुई है।

## जेब्रा, मीरकैट लेने जंगल सफारी की टीम गुजरात रवाना होगी

### दो साल के बाद तलाश पूरी हो पाई

जंगल सफारी में विदेशी प्रजाति के वन्यजीवों की संख्या बढ़ाने जेब्रा लाने सफारी प्रबंधन दो साल से देश के अलग-अलग राज्यों के जू प्रबंधन से संपर्क कर रहा था। जिन राज्यों के जू प्रबंधन से जेब्रा लाने सहमति बनाने की कोशिश की जा रही थी, उन राज्यों के जू प्रबंधन बदले में व्हाईट टाइगर के अलावा ऐसे वन्यजीव की मांग कर रहे थे, जिनकी संख्या सफारी में कम है। इस वजह से वन्यजीवों की अदला-बदली नहीं हो पा रही थी।



### लगेगा सप्ताहभर

गुजरात, जामनगर से जेब्रा तथा मीरकैट लाने आज टीम रवाना होगी। दोनों वन्यजीवों को लाने एक सप्ताह का समय लग सकता है। बदले में जामनगर जू को दो जोड़ी भालू दिया जाएगा।

- **धम्मशील गणवीर**, डायरेक्टर, जंगल सफारी

### एक पखवाड़े के बाद लोग देख सकते हैं

जंगल सफारी के अफसरों के मुताबिक जामनगर जू से जेब्रा आने के बाद उसे आम लोग एक पखवाड़े के बाद देख सकेंगे। इसकी वजह जंगल सफारी जेब्रा के लिए नई जगह होगी। इसमें जेब्रा तथा मीरकैट के सेट होने में एक सप्ताह से 15 दिन का समय लग सकता है। इसके अलावा दोनों वन्यजीवों को लाने के बाद उनका स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ आराम दिया जाएगा। इस वजह से जू की सैर करने आने वाले लोगों से दोनों वन्यजीवों को दूर रखा जाएगा।

### आपसी संघर्ष में हो गई थी मीरकैट की मौत

गौरतलब है कि जंगल सफारी में पूर्व में एक मीरकैट का जोड़ा था, जिनकी चार माह पूर्व फरवरी में आपसी संघर्ष में मौत हो गई थी। मीरकैट की मौत की जानकारी विभागीय अफसरों को बाड़े से बदबू आने पर मिली थी। मीरकैट की मौत के बाद सफारी प्रबंधन नए सिरे से मीरकैट की तलाश कर जामनगर जू प्रबंधन को मीरकैट देने राजी किया।

# योगाभ्यास के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की हड़ताल की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ समय पर वेतन सहित तीन सूत्रीय मांग, जिलास्तर पर धरना

समय पर वेतन सहित तीन सूत्रीय मांग को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने योगाभ्यास के साथ हड़ताल की शुरुआत कर दी है। उनके हड़ताल पर जाने की वजह से उप स्वास्थ्य केंद्रों में 12 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं के साथ मौसमी बीमारी की जांच प्रभावित होने की आशंका है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि शासन द्वारा 15 तारीख के पहले वेतन भुगतान के निर्देश है इसके बाद भी विभागीय स्तर पर इसमें विलंब किया जाता है, जिसकी वजह से उन्हें कई बार आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही उनका स्थानांतरण जिला मुख्यालय के आठ किमी के दायरे में करने और कांकेर जिला संयोजक पवन वर्मा को बहाल करने मांग शमिल है। इसके लेकर पूर्व में ही विभागीय अधिकारियों को अवगत करा दिया गया था, मगर उनकी ओर से गंभीरता नहीं दिखाने पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास के साथ उन्होंने हड़ताल की शुरुआत कर दी है। प्रांतीय संयोजक प्रांतीय महामंत्री आशीष नंद ने बताया कि जब तक तीन मांगे पूरी नहीं होती है तब तक हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल अवधि के दौरान सीएचओ अपने जिला मुख्यालयों में धरने पर बैठेंगे।

रायपुर जिले में करीब डेढ़ सौ सीएचओ कार्यरत हैं। काम बंदकर वे नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर एकजुट होकर प्रदर्शन करते रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की मदद से राज्य में उप स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन किया जाता है, जहां मरीजों को प्राथमिक उपचार की सुविधा दी जाती है। इसके अलावा इन स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से नियमित टीकाकरण का अभियान भी पूरा किया जाता है।

## बिजनेस साइट

### द गुड स्टार्ट स्कूल और मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल ने मनाया योग दिवस



रायपुर। द गुड स्टार्ट स्कूल और मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल रायपुर ने मिलकर इंटरनेशनल योगा डे बड़े उत्साह से मनाया, जिसमें योगा और जुम्बा सत्र आयोजित किए गए। योगा और जुम्बा विशेषज्ञ कश्मिका के नेतृत्व में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने विभिन्न आसनों और गतिविधियों में भाग लिया। प्रधानाचार्या शीतल संगल ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। इस कार्यक्रम के विशेष अतिथि मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल के अध्यक्ष धर्मेश सोनी रहे, जिन्होंने योगा में डिप्लोमा कोर्स की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कोर्स किस प्रकार छात्रों और पेशेवरों के लिए लाभकारी हो सकता है। विद्यालय की निदेशक डिंपल सोनी ने कहा कि योगा हमारे शरीर और मन में संतुलन लाता है, जबकि जुम्बा हमारे जीवन में ऊर्जा और आनंद भरता है। हम अपने छात्रों, स्टाफ और अभिभावकों की इतनी उत्साही भागीदारी देखकर बहुत खुश हैं।

### कोलंबिया ग्लोबल स्कूल ने मनाया योग व संगीत दिवस



रायपुर। 'तन को चुस्त बनाइए, काया रखें निरोग' इसी उद्देश्य के साथ कोलंबिया ग्लोबल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग व अंतर्राष्ट्रीय संगीत दिवस मनाया गया। विद्यालय के योग शिक्षक नामेश कुमार साहू की अध्यक्षता में कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के संगीत शिक्षक रमन सैनिक ने मधुर संगीत की प्रस्तुति दी। इस मौके पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन भाग लिया तथा विद्यालय के प्राचार्य आईवन स्मिथ, डायरेक्टर रविंदर सिंह हूरा व सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और छात्रों को योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया। नामेश कुमार साहू द्वारा विभिन्न आसन बताए गए तथा इन आसनों से होने वाले लाभ की जानकारी भी दी गई।

### पारस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में योग दिवस




रायपुर। पारस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उपस्थितजनों ने मिलकर योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन किए। विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, त्रिकोणासन, और प्राणायाम समेत अनेक योग मुद्राओं का अभ्यास किया। योगाभ्यास के दौरान विद्यार्थियों ने योग से संबंधित अपने अनुभव साझा किए और इसके फायदे जाने।

### बैंक ऑफ बड़ौदा में योग दिवस पर आयोजन



रायपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा 21 जून को बैंक की रायपुर शहर स्थित शाखा एवं कार्यालयों के स्टाफ सदस्यों के लिए योग सत्र का आयोजन किया, जिसमें प्रसिद्ध योग प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर भरतकुमार चावड़ा, डॉ. रमेश कुमार मोहंती, रंजीत कुमार मंडल, चंदन दत्ता, सहायक महाप्रबंधक-प्रमुख जेडआईडी रायपुर सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। बैंक के कार्यपालकों ने सभी स्टाफ सदस्यों से नियमित रूप से योग करने का आव्हान किया और संपूर्ण विश्व में भारतीय योग के प्रचार-प्रसार की जानकारी दी तथा नियमित योग करने से होने वाले लाभ से अवगत कराया।

### शिवोम स्कूल में शिक्षकों एवं बच्चों ने किया योगाभ्यास



रायपुर। शिवोम विद्यापीठ में अध्ययनरत स्टूडेंट्स द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2024 के अवसर पर 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' विषय पर योग किया गया, जो 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' के लिए हमारी साझा आकांक्षा को खूबसूरती से दर्शाता है। सांकरा, रायपुरा और चंगोराभाठा स्कूल के स्टूडेंट्स के मध्य योग विषय पर विभिन्न एक्टिविटीज का भी आयोजन किया गया। स्कूल के स्टाफ और बच्चों को प्राणायाम, आसन, सांस लेने की क्रिया और योग के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। विद्यालय के चेयरमैन अवधेश शर्मा ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मन का वास होता है। यह जीवन में सकारात्मक बदलाव से संभव है। योग के माध्यम से इसे चरितार्थ करने पर जोर दिया। योग दिवस में उपस्थित मैनेजिंग डायरेक्टर प्रणव शर्मा ने भी योग को दैनिक जीवन में शामिल करने को कहा। योग दिवस में समस्त स्टाफ शामिल रहे।

### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने मनाया योग दिवस



रायपुर। कबीर नगर स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में 21 जून को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल के चेयरमैन विनय चंद्राकर एवं डायरेक्टर अपर्णा चंद्राकर रहे एवं अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य विनोद पांडे ने की। विद्यालय की योग शिक्षिका ने विभिन्न आसनों का प्रदर्शन कर उनके महत्व को बताया तथा योगाभ्यास कराया। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पालकों ने योगाभ्यास किया एवं योग के महत्व को जाना।

# फोरेंसिक लैब को आधुनिक बनाने 21 करोड़ का प्रपोजल, रेंज मुख्यालयों में भी खुलेगा डीएनए लैब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आगामी जुलाई से तीन नए भारतीय कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत अपराधों की जांच शुरू हो जाएगी। नए कानून लागू होने के बाद पुलिस के साथ फोरेंसिक डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी बढ़ जाएगी। फोरेंसिक लैब को 14 दिनों के अंदर रिपोर्ट देना अनिवार्य रहेगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए फोरेंसिक लैब के अफसरों ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। लैब के अफसरों के अनुसार उनकी कोशिश रिपोर्ट 14 दिनों में देने के बजाए 10 दिनों के भीतर देने की है। इसके लिए सभी जिला मुख्यालयों में फोरेंसिक लैब बनाने के साथ ही रीजनल ऑफिस को सर्वसुविधायुक्त बनाने की है।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

फोरेंसिक लैब के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. टीएल चंद्रा के मुताबिक फोरेंसिक लैब को सर्वसुविधायुक्त बनाने राज्य सरकार के पास 21 करोड़ रुपए का प्रपोजल भेजा गया है। गौरतलब है कि ऐसे अपराध जिसमें सात साल की सजा का प्रावधान है, ऐसे मामलों की जांच करने अनिवार्य रूप से फोरेंसिक टीम को निरीक्षण करने के लिए जाना जरूरी होगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए सभी जिलों में फोरेंसिक लैब खोले जा रहे हैं। इसके लिए भर्ती प्रक्रिया चालू है।

## रायपुर में अगस्त तक एक और डीएनए लैब का संचालन शुरू होगा

### रीजनल लैब में भी डीएनए जांच

वर्तमान में डीएनए जांच की सुविधा रायपुर फोरेंसिक लैब में है। रायपुर में डीएनए जांच की एक और यूनिट इस वर्ष अगस्त में रायपुर लैब में शुरू की जाएगी। इसके अलावा डीएनए जांच की सुविधा बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर तथा सरगुजा फोरेंसिक लैब में शुरू करने की तैयारी की जा रही है। बिलासपुर में वर्ष 2025 में डीएनए जांच की सुविधा शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही अन्य तीन रीजनल लैब में डीएनए जांच की सुविधा वर्ष 2027 तक शुरू करने की योजना है।



■ नए कानून के लागू होने के बाद जांच में तेजी लाने वैज्ञानिक के साथ कर्मियों की भर्ती जारी

*डीएनए, नार्को, बैलेस्टिक जांच की सुविधा : गौरतलब है कि पूर्व में फोरेंसिक से जुड़े ज्यादातर मामलों की जांच के लिए पुलिस को दूसरे प्रदेशों के फोरेंसिक लैब की मदद लेनी पड़ती थी। इसमें जांच प्रक्रिया सुस्त होने के साथ ही खर्च भी ज्यादा होता था। वर्तमान में फोरेंसिक से जुड़े ज्यादातर मामलों की जांच रायपुर में ही हो जाती है, इसमें नार्को टेस्ट से लेकर बैलेस्टिक तथा डीएनए जांच सुविधा शामिल है।*

### वैज्ञानिकों की संख्या बढ़कर 14 से 42 हो जाएगी

फोरेंसिक लैब में फोरेंसिक जांच करने वर्तमान में 14 वैज्ञानिक हैं, इसके अतिरिक्त 28 वैज्ञानिकों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। फोरेंसिक लैब में 353 स्टाफ का सेटअप है। शासन ने 260 स्टाफ का और सेटअप बढ़ाने की अनुमति दे दी है। अफसर के जितने का सेटअप है, उसमें 70 प्रतिशत पद भरा हुआ है।

### इसलिए अपडेट करना जरूरी

उल्लेखनीय है कि अपराधों की जांच के साथ कोर्ट में रिपोर्ट देने समय सीमा निर्धारित की गई है। किसी भी तरह के अपराध जिसमें सात साल या उससे ज्यादा की सजा का प्रावधान है, ऐसे मामलों की जांच के लिए फोरेंसिक टीम को जाना अनिवार्य होगा। इसीलिए जिला मुख्यालयों में फोरेंसिक लैब खोले जा रहे हैं। इसके साथ ही फोरेंसिक जांच रिपोर्ट 14 दिनों के भीतर देनी होगी।

### एक भी मामला पेंडिंग नहीं

वर्तमान में बच्चों संबंधित यौन हिंसा के साथ अन्य गंभीर किस्म के अपराध में फोरेंसिक जांच रिपोर्ट तय समय सीमा में ही जमा होती आई है। फोरेंसिक लैब के अफसर के मुताबिक सेटअप बढ़ाने का काम पिछले तीन वर्षों से जारी है। इसके चलते फोरेंसिक लैब में मई तक के सभी मामले जिनमें फोरेंसिक जांच की गई है, उनकी एक भी रिपोर्ट वर्तमान में पेंडिंग नहीं है। अफसर के अनुसार 10 दिन के भीतर फोरेंसिक जांच रिपोर्ट देने की उनकी कोशिश है।








## दृष्टिबाधित स्कूली बच्चों ने आवाज सुनकर किए आसन

दृष्टिबाधित स्कूली बच्चे, किन्नर समाज के सदस्य, दिव्यांग बच्चों संग 70 वर्षीय भी बुजुर्ग नजर आए। ब्लाइंड छात्रा दुर्गेश्वरी वर्मा ने कहा, मैं साल 2015 से योगाभ्यास कर रही हूं इस वर्ष सामूहिक रुप से योग करने का अवसर मिला। हीरापुर स्थित छात्रावास से शिक्षकों के साथ 22 विद्यार्थी मैदान में शामिल हुए। दृष्टिबाधित विद्यार्थियों ने योग प्रशिक्षकों के दिशा-निर्देश एवं माइक की आवाज सुनकर योग किया। पिया बरीहा, तासमीन, कविता कुर्रे, तुलेश्वरी जांगड़े, रोशनी ध्रुवे, योगीता टंडन एवं अन्य छात्राएं शामिल हुईं।







## किन्नर समाज भी हुआ शामिल

सरोना स्थित ट्रांसजेंडर शेल्टर होम से लगभग 25 सदस्य सामूहिक योगाभ्यास में शामिल हुए। विद्या राजपूत शिवांगी, समायरा, मंजू, रिया साहू, भूमि, खुशी, पूजा, रानी, संजना, गीता, साक्षी शामिल व अन्य सदस्य शामिल हुईं। विविध स्कूलों के नन्हे बच्चे अपने यूनिफॉर्म में योग करते दिखे।

# योग का महाकुंभ...

## एक छोर से दूसरे छोर तक... शहर के प्रत्येक कोने में योगाभ्यास

**रायपुर।** योग दिवस के मौके पर शहरभर में योगाभ्यास हुआ। इसके कारण शहर योग के महाकुंभ में बदला हुआ नजर आया। मुख्य आयोजन सांइस कॉलेज में हुआ, जहां मुख्य अतिथि सीएम विष्णुदेव साय रहे। सीएम ने कहा, जिन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जाता है, वह उद्देश्य सफल हो रहा है। योग का प्रचार और प्रसार पूरी दुनिया में हो रहा है। विधायक राजेश मूणत, गुरू खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग सचिव शम्मी आबिदी, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी संतोष सिंह और योग आयोग के सचिव पंकज वर्मा मुख्य रुप से शामिल हुए। साइंस कॉलेज के अलावा जिले में स्थित शासकीय और अशासकीय संस्थानों में भी योग को लेकर उत्साह देखा गया। सबसे अधिक भागरीदारी स्कूलों और महाविद्यालयों में अध्ययनरत विथार्थियों की रही। कॉलोनी वासियों ने भी अपनी सोसायटी के गार्डन में योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजन किए। योग संस्थानों ने भी लोगों को प्रेरित करते हुए जहां सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया, वहीं लोगों को नियमित योग करने शपथ दिलाई। शुक्रवार को पूरे शहर का माहौल योगमय रहा।





महाराष्ट्र मंडल भवन और संत ज्ञानेश्वर स्कूल में बड़ी संख्या में बच्चों, सभासदों और आमजनों ने योग के आसान आसन किए। श्याम सुंदर खंगन, दीपक पात्रीकर, रवि गहलोत, रविंद्र ठेंगड़ी, प्रवीण क्षीरसागर, सुबोध टोले व अन्य उपस्थित रहे।



नया सवेरा जनकल्याण समिति द्वारा ऑक्सीजोन गार्डन में योग महाकुंभ का सफल आयोजन किया गया। लीना साव, भावना वाधेला, रश्मि साव, रीना शीरे, कुसुम पांडे, विश्कर्मा, विष्णु साहू, नितेश वाधेला आदि शामिल रहे।



एम्स में निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने योग की महत्ता बताई। प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल, प्रो. सरिता अग्रवाल और प्रो. अनिल गोयल सहित विभिन्न चिकित्सकों और कर्मचारियों ने भाग लिया।



आयकर विभाग में 7 बजे योग प्रशिक्षण का रखा गया। प्रशिक्षक डॉ. राहुल दास संग प्रदीप एस हेडाऊ व अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।



नया जीवन नशा मुक्ति केंद्र गोकुल नगर में योगाभ्यास किया गया। रविकांत कुंभकार, सुमित दास महंत, अनिता साहू, जुहैब उर रहमान सहित अन्य शामिल हुए।



छत्तीसगढ़ क्लब के सभागृह में योगाभ्यास किया गया। सचिव देव सेनापति, वरिष्ठ अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल वर्मा, योग प्रशिक्षक डॉ. लीलाराम साहू सहित अन्य शामिल रहे।



एसआईपी अबेकस मोवा और सड्डू द्वारा दलदल सिवनी गुरुद्वारा में योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर डॉ. लिकेश्वर प्रसाद साहू कॉउंसलर मेकाहारा के मार्गदर्शन में उपस्थित छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ ने योग की बारीकियां सीखीं।



अशोका रतन, शंकर नगर के तबला गार्डन में योगा मस्ती ग्रुप एवं शिवाजी प्रभात शाखा द्वारा संयुक्त रूप से योगाभ्यास किया गया। मनप्रीत सिंग बग्गा, छगनलाल मूंधड़ा, सूरज राठी, मुरारी काबरा, सुभाष अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, श्रीनिवास चांडक, विकास अग्रवाल व अन्य शामिल रहे।



कैट के प्रदेश कार्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया। अमर पारवानी, मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन, वाशु माखीजा व सदस्य शामिल हुए।



श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन कुम्हारी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कैंपस मैदान में शिक्षकों, स्टाफ व विद्यार्थियों की उपस्थिति में सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया गया। निदेशक डॉ. प्रीति गुरनानी, डॉ. जेके उपाध्याय व अन्य शामिल रहे।



आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा संपूर्ण राज्य में 250 स्थानों पर एक ही समय में 30000 से ज्यादा लोगों को योग दिवस के अनुरूप योग कराया गया।



सामाजिक सेवा संस्था हम साथ साथ हैं ने विश्व योग दिवस के अवसर योग सत्र का आयोजन किया, जिसमें संस्था की महिलाओं और बालिकाओं ने योगाभ्यास का संकल्प लिया।



इंद्रप्रस्थ कॉलोनी फेस-2 ईडब्ल्यूएस ब्लॉक की महिला समिति ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजन किया। दीपिका साहू, अनुराधा श्रीवास, श्वेता वर्मा, सोनाली दीवान, राजेश्वरी मसखरे, रेनू विश्वकर्मा, संतोषी बशेना एवं अन्य शामिल हुए।



रायपुर रेल मंडल के अलग-अलग स्थानों पर सुबह 6.30 बजे से ही योगाभ्यास किया गया। अपर मंडल रेल प्रबंधक आशीष मिश्रा, मंडल कार्मिक अधिकारी प्रभारी राहुल गर्ग सहित 1300 से अधिक कर्मचारी-अधिकारी शामिल रहे।



अग्रवाल युवा मंडल द्वारा पतंजलि योग समिति के सहयोग से अग्रसेन धाम में वैदिक हवन व योगाभ्यास रखा गया। राम अग्रवाल, किशन अग्रवाल, मनमोहन, प्रेमचंद अग्रवाल, योगेश अग्रवाल व अन्य उपस्थित रहे।



जेएसपीएल के रायपुर मशीनरी डिवीजन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्लांट हेड नीलेश टी. शाह, एचआर हेड सूर्योदय दुबे समेत कर्मचारियों तथा उनके परिवार ने हिस्सा लिया।



अटल उद्यान पचपेड़ी नाका में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन, नो मोर टीयर एवं जेसीआई मेडिकोसिटी द्वारा योगाभ्यास रखा गया। डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. दिग्विजय सिंह, डॉ. यूसुफ मेमन, डॉ. जयप्रकाश दुग्गड़, अभय दुग्गड़, डॉ. जीतेश्वर पटेल, डॉ. आशीष सिन्हा, डॉ. मनीष गुप्ता एवं डॉ. बंसल उपस्थित रहे।



दिशा कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्राचार्य डॉ.एके तिवारी, योगाचार्य तेजेंद्र खरे सहित विद्यार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे।



कैपिटल सिटी फेस-1 सड्डू निवासी सभी गृहणियों एवं कामकाजी महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे आज से रोज सुबह योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा जरूर बनाएंगी।



कृष्णा पब्लिक स्कूल में छात्रों और अभिभावकों ने सूर्य नमस्कार सहित कई आसन पेश किए।



नूतन स्कूल टिकरापारा में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और महिलाओं ने योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। संयोजन गणेश मेहेर, वैदनाथ, सूरज धनगर, सौरभ गुप्ता, प्रेम साहू और सुनीता रायकवार ने किया।

## यहां भी योगाभ्यास



होली हार्ट्स विद्यालय सिविल लाइन में अवकाश होने के बाद भी बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स योग करने स्कूल पहुंचे। सुदेष्णा मेने, नीपा चौहान, आशुतोष सिंह, शालिनी अग्रवाल व अन्य उपस्थित रहे।



श्री साईं दर्शन आवासीय समिति, साईं नगर, जोरा में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया, जिसमें कालोनी वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



देवेंद्र नगर की महिला समूहों ने भी योगाभ्यास कर निरोग रहने का संदेश दिया।



शहर स्थित केंद्रीय विद्यालय क्र.2 में शिक्षक एंव विद्यार्थियों ने योग दिवस मनाया। जहां योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास में आसन, प्राणायाम कराया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य सुजीत सक्सेना मौजूद रहे।



शहर स्थित तेरापंथ अमोलक भवन में 'करे योग रहे निरोग' कार्यक्रम का आयोजन सुबह 7 बजे किया गया। डॉ. दिव्या सिंह, ललिता धाड़ीवाल, तपस्या जैन व अन्य उपस्थित रहे।



अर्हंम ध्यान योग द्वारा सुबह 7 बजे योगाभ्यास किया गया। प्रशिक्षक पियूष जैन और साक्षी जैन रही। डॉ. शैलेन्द्र भार्गव, मनोहर अठवानी, मनोज सराफ, अवध राम साहू,साकेत पापड़ीवाल,सीमा जैन, पूजा गुप्ता, चांदनी मूलचंदानी,सुरभि ठाकुर, पुष्पा साहू,नवीन अग्रवाल उपस्थित रहे।



महादेव घाट स्थित रामकृष्ण शिक्षण संस्थान में सुबह 7 बजे योग कराया गया। मुख्य अथित योग गुरु रविशंकर सहित पार्षद अमर बंसल, डॉ.वीपी पाठक, अरुण मिश्रा, बीआर शर्मा व आरके चौबे उपस्थित रहे।



पं. हरिशंकर शुक्ला मेमोरियल कॉलेज में योगाभ्यास किया गया। आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रोफेसर व विद्यार्थी शामिल हुए।

### बारिश के मौसम में भी धुमाल व बैंडबाजे के लिए करवा रहे बुकिंग

# देवशयनी से पहले पांच दिन सजेंगे विवाह मंडप, कुछ दिनों के लिए फिर लौटेगी फार्म हाउस व सामाजिक भवनों में रौनक

जिन लोगों ने वर-वधू की तलाश में विलंब किया, ऐसे लोगों को जुलाई में लग्न वेदी सजाने का मौका मिलने वाला है। देवशयनी से पहले अलग-अलग तिथि में पांच दिन मुहूर्त मिलने से एक बार फिर से बाजार में रौनक लौटने वाली है। जिन लोगों ने बेटे व बेटी का रिश्ता तय किया है, अब वे बरसात को देखते हुए शादी के लिए फार्म हाउस व भवनों के साथ ही बैंडबाजे, धुमाल की बुकिंग कराने में रुचि लेने लगे हैं।

- 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी के साथ शुरू होगी देवताओं की शयन की अवधि
- 12 नवंबर को चार माह के विश्राम के बाद भगवान विष्णु होंगे जागृत





### 9, 11,12,13 और 15 को मुहूर्त

पंडित मनोज शुक्ला ने बताया कि 9 जुलाई से विवाह समारोह फिर से शुरू होंगे। जिन लोगों को बेटे-बेटी का रिश्ता तय करने में समय लगा, ऐसे लोग जुलाई में उनकी शादी की तैयारी में हैं। 9, 11, 12 के अलावा 13 और 15 को भी शादी करने के लिए लोग पुरोहितों से जानकारी ले रहे हैं। इसके बाद 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी के साथ देवताओं की शयन की अवधि शुरू होगी और चातुर्मास का आरंभ होगा। इससे शादियों पर भी रोक लगने से अगले 4 महीने तक विवाह के लिए कोई मुहूर्त नहीं मिलेगा। वहीं 12 नवंबर के दिन भगवान विष्णु क्षीर सागर में चार माह के विश्राम के बाद जागृत होंगे। इसके बाद 13 नवंबर से विवाह के लिए कई शुभ मुहूर्त मिलेंगे।



**रायपुर।** शहर के होटल, फार्म हाउस ही नहीं प्राइवेट भवनों में भी एक बार फिर से शादी के लिए लग्न वेदी सजाने की तैयारी लोगों ने शुरू की है। अलग-अलग तिथि में पांच मुहूर्त जुलाई में ही मिल रहा है। इसे देखते हुए लोगों ने बेटे-बेटी का विवाह कराने के लिए तैयारी भी तेज कर दी है, क्योंकि इसके बाद लोगों को नवंबर में मांगलिक आयोजनों के लिए शुभ मुहूर्त मिलेंगे। इस लिहाज से गोलबाजार में भी शादी में उपयोग की जाने वाली सामग्री खरीदने के लिए लोग पहुंचने लगे हैं। दुकानदारों ने शादी का सीजन खत्म होने के बाद फिर से पांच दिन मुहूर्त मिलने के कारण विवाह सामग्री की बिक्री प्रारंभ कर दी है।

### भवन व फार्म हाउस की बुकिंग

काठाडीह व भाठागांव क्षेत्र में फार्म हाउस व वैवाहिक भवनों का संचालन करने वाले शैलेष गुप्ता ने बताया कि जुलाई में विवाह के लिए मुहूर्त कम मिलने से लोग बुकिंग भी कम करवा रहे हैं। बरसात में शादी के लिए लोग खुद दौड़-भाग करने की बजाय अलग-अलग रेंज में लग्न मंडप, रिसेप्शन के लिए स्टेज के साथ खाना और सजावट के लिए भी ऑर्डर बुक करवा रहे हैं। मौसम के लिहाज से लोग खाने का आर्डर सामान्य दिनों की अपेक्षा कम रखवा रहे हैं। निगम के अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि विवाह के लिए निगम के 15 से ज्यादा भवनों की बुकिंग लोगों ने वैवाहिक आयोजन के लिए जुलाई में करवाया है। जिन तिथियों में मुहूर्त है, केवल उन्हीं दिनों के लिए बुकिंग है।

### चुनरी, साफा व बैंडबाजे की लौटी ग्राहकी

वैवाहिक आयोजनों के लिए जरूरी सामान बेचने वाले धनराज ने बताया, शादी के लिए कुछ दिन का मुहूर्त मिलने से परिवार के लोग चुनरी, साफा, वर-वधू के लिए जरूरी सामानों की खरीदी के साथ लग्न मंडप के लिए जरूरी सामग्री की पूछ-परख करने लगे हैं। इस बार जुलाई में शादी के लिए मुहूर्त मिलने से बाजार में ग्राहकी बढ़ी है। धुमाल व बैंडबाजे के व्यावसाय से जुड़े गुलशन यादव बताते हैं, सीमित मुहूर्त होने से लोग आर्डर तो बुक करवा रहे हैं, लेकिन अन्य साल की अपेक्षा इस बार जुलाई में बुकिंग कम करवा रहे हैं।

### सुपर-30 के आनंद कुमार पहुंचे तक्षशिला लाइब्रेरी, बढ़ाया युवाओं का हौसला

# जितना बड़ा सपना, कठिनाइयां भी उतनी अधिक, ईमानदारी के साथ करें मेहनत

रायपुर। जीवन में जब आगे बढ़ते हैं तो कठिनाइयां भी उतनी मिलती है, जितना बड़ा आपका सपना होता है। लाइब्रेरी में जितनी पढ़ाई कर रहे हैं, यह मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाएंगी। यह कहना है सुपर-30 के आनंद कुमार, जो शुक्रवार को धमतरी से बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट में आए छात्रों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पहुंचे थे। शाम को मोतीबाग स्थित तक्षशिला लाइब्रेरी में अचानक आनंद कुमार को देखकर हर कोई आश्चर्य में पड़ गया। उन्हें अपने बीच पाकर युवा खुश नजर आए। इस दौरान आनंद कुमार ने लाइब्रेरी का अवलोकन कर पढ़ाई कर रहे युवाओं से सीधे बातचीत कर एग्जाम की तैयारी का हाल-चाल जाना। उन्होंने कहा कि आप ठान लीजिए और हमेशा बड़े सपने देखिए तो जरूर सफलता मिलती है। बहुत बार ऐसा होता कि चीजें बहुत मुश्किल हो जाती है। रास्ते कठिन हो जाते हैं, लेकिन मेहनत करते रहें। सफलता अवश्य मिलती है।



### युवाओं ने कहा- आपका संघर्ष नई ऊर्जा देता है



*तक्षशिला में आधुनिक सुविधा और युवाओं से मिलने के बाद आनंद कुमार ने कहा, यहां आकर युवाओं में पढ़ाई को लेकर उत्साह देखकर प्रसन्न हूं। आने वाले समय पर यह राज्य और देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण योगदान देंगे। स्टूडेंट्स से बातचीत के दौरान ज्यादातर युवाओं ने फिल्म सुपर-30 में कहानी को लेकर सवाल किए। युवाओं ने कहा कि आपका संघर्ष हमें पढ़ाई करने नई ऊर्जा देता है। इस दौरान आनंद कुमार ने कहा कि अगर आप पूरे ईमानदारी के साथ मेहनत कर रहे हैं, तो आपको इसका लाभ मिलेगा ही। फिल्म की तरह मैंने अपनी मेहनत को ही सब कुछ माना है। उन्होंने स्टूडेंट्स को एकाग्रता मन से पढ़ने की सलाह दी साथ ही नोट्स बनाने और नियमित पढ़ाई करने पर जोर दिया।*

### स्टूडेंट्स के साथ खिंचवाई फोटो

लाइब्रेरी में आनंद कुमार के पहुंचते ही युवा उनसे मिलने और बात करने को काफी उत्सुक दिखाई दिए। लाइब्रेरी में उन्होंने 40 मिनट से अधिक समय बिताया, जिसमें 20 मिनट केवल युवाओं से बातचीत की। आते वक्त आनंद कुमार के साथ स्टूडेंट्स ने फोटो खिंचवाई और पढ़ाई को लेकर उनसे टिप्स भी मांगे। इस दौरान कलेक्टर डॉ.गौरव सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप उपस्थित थे।

जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारी अंतिम चरणों में हैं। कई स्थानों पर इसे पूर्ण रूप दे दिया गया है। इसके पूर्व शनिवार को भगवान जगन्नाथ को शाही स्नान कराया जाएगा। प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में शनिवार को स्नान पूर्णिमा के अवसर पर भगवान को 108 घड़ा जल से नहलाने का नियम एवं विधान किया जाएगा।



# देव स्नान पूर्णिमा आज, 108 घड़ों से स्नान पश्चात बीमार पड़ेंगे जगन्नाथ

रायपुर। इसके लिए सुबह 10 से दोपहर 12 बजे के बीच भक्त परिवार भी पहुंचेंगे। इसे देखते हुए मंदिर में पंडाल भी लगाया गया है। पूजारी तिलक दास ने बताया कि अधिक स्नान करने से भगवान बीमार होते हैं। तब वैद्य की सलाह पर उन्हें 15 दिन औषधिय भोग अर्पित किया जाएगा। वहीं आषाढ़ माह शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भगवान अपने भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे।

**14 दिनों तक दर्शन नहीं**

### व्यवस्था बनाने विचार-विमर्श

पुरानी बस्ती में रथयात्रा का जायजा लेने के लिए महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुन्दर दास महाराज श्री जगन्नाथ मंदिर पुरानी बस्ती स्थित टुरी हटरी पहुंचे। इसका अवलोकन करने के बाद महाराज ने रथ में सुधार कार्य के लिए निर्माण में लगे कारीगरों को जरूरी जानकारी दी। इसके बाद ट्रस्ट कमेटी के लोगों से शनिवार को स्नान पूर्णिमा पर किए जाने वाले नियम का पालन करने के लिए विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर ट्रस्ट कमेटी के सदस्य विजय पाली, राजेश अग्रवाल, मंगल विनोद अग्रवाल, कान्हा उपाध्याय, मुख्तियार राम छबि दास, सुरेश शर्मा, पुजारी तिलक दास, निर्मल दास वैष्णव मौजूद रहे।



### 15 दिन में तैयार होंगे तीन रथ

शहर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आज सुबह 9 बजे से ही स्नान पूर्णिमा के लिए आस-पास रहने वाले परिवारों की भीड़ रहेगी। मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष पुरन्दर मिश्रा ने बताया कि भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बलभद्र के रथ का साज-सज्जा शुरू होगा। इसके लिए कारीगरों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही स्नान पूर्णिमा पर भगवान को 108 घड़ा जल से स्नान कराने की परंपरा निभाई जाएगी, इसके बाद वे बीमार होते हैं। पंडित मोहित पुजारी ने बताया कि सदर बाजार में सारी तैयारी की ली गई है। पूर्णिमा पर मंत्रोच्चार के साथ उन्हें स्नान कराया जाएगा।

### अघोर महोत्सव की शुरुआत, पहले दिन ही मठ में भक्तों की भीड़

# पेपर या पत्तल में आहुति एकत्र करना अनुचित, इसे सीधे अग्नि में डालें, आयोजन भव्य तो करें अधिक हवन कुंड की व्यवस्था

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** प्रोफेसर कॉलोनी स्थित श्री धाम सुमेरुमठ औघड़नाथ दरबार में अघोर महोत्सव की शुरुआत की गई। 21 से 25 जून तक अघोर महोत्सव मनाया जाएगा, इस दौरान 5 पाली में पूजा-अर्चना कर योनि कुंड हवन व श्री यज्ञ साधना की जा रही है। खास बात यह है कि यज्ञ के दौरान अग्नि में आहुति देने के लिए उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को अवसर दिया जाता है। प्रत्येक को 10-10 के समूह में बुलाया जाता है और आहुति दी जाती है। अघोरी प्रचण्ड वेग ने बताया, अन्य मंदिरों की तरह हमारे मठ में पेपर या पत्तल में आहुति एकत्र कर यज्ञ में नहीं डाला जाता। मान्यता के अनुसार आहुति केवल अग्नि में दी जाती है, जिसे व्यक्ति स्वयं करे। उनके अनुसार, सामूहिक रुप से यज्ञ का आयोजन नहीं किया जाना चाहिए। यदि ऐसा हो तो प्रत्येक व्यक्ति के लिए विभिन्न यज्ञ कुंड या हवन कुंड का निर्माण कराया जाना चाहिए। महोत्सव के दौरान प्रचंड वेग के शिष्य नीरज तिवारी, दिपाली दुबे, विक्रांत शर्मा, राजा पनसारी, भाग्येश दुबे, कुणाल राठौर, धीरज शुक्ला, विनय सिंधानिया, पारस सोनी, राजीव अग्रवाल, चंदन जय सिंह, सुनीत शर्मा उपस्थित रहे।

### रसेश्वर महादेव की पूजा



श्रीधाम के गुंबद और गर्भगृह दोनों स्थान पर पारद शिवलिंग की स्थापना की गई है। दरअसल, शिवलिंग कई धातुओं से बनाए जाते हैं। इनमें चांदी, पत्थर आदि शामिल हैं, लेकिन सभी शिवलिंगों में पारद शिवलिंग यानी पारा से बने शिवलिंग को सर्वश्रेष्ठ शिवलिंग माना गया है। मठ में भगवान शिव की रसेश्वर महादेव के रूप में पूजा की जाती है। गौरतलब है कि मठ में 43 तिकोनों के जरिए श्रीयंत्र को उकेरा गया है, प्रत्येक तिकोने में एक पारद शिवलिंग स्थापित है। इसे सवा 37 फुट लंबा-चौड़ा और 30 फुट ऊंचा तैयार किया गया है।



### 21 सालों से जल रही है अखंड धुनी

बाबा औघड़नाथ के शिष्य रुद्रानंद प्रचण्ड वेग ने बताया, मठ के अंदर ही बाबा औघड़नाथ की गद्दी लगी हुई है। यहां 21 वर्ष पहले साल 2004 में बाबा अघौड़नाथ ने अखंड धुनी प्रज्ज्वलित की, जो आज तक मंदिर गर्भगृह में जल रही है। प्रत्येक वर्ष बाबा श्री औघड़नाथ की पूजा-अर्चना कर यज्ञ की शुरुआत की जाती है, जिसके बाद मंत्रोच्चारण से शक्ति का आह्वान किया जाता है। उद्देश्य संकल्प के पश्चात पारद शिवलिंग में अभिषेक किया जाता है। मठ में प्रत्येक श्रद्धालुओं के लिए अभिषेक सामाग्री की व्यस्था की जाती है, जिसमें गंगाजल, नर्मदाजल, गुलाबजल, केवड़ा जल, दूध, दही, घी, शहद और मक्खन होता है। महोत्सव के पहले दिन सुबह अभिषेक के दौरान 7 लीटर दूध, 4 किलो दही, 2 किलो घी, ढेड़ किलो शहद एवं 1 किलो मक्खन से अभिषेक किया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-19 में सेमीफाइनल शुरू बिलासपुर और प्लेट ने तीजे मैच



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-19 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट टुर्नामेंट 08 मई से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीम भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के सेमी फायनल मैच शुक्रवार 21 जून से शुरू हुए जो 24 जून तक चलेंगे। पहला सेमी फायनल चार दिवसीय मैच बिलासपुर तथा भिलाई के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला गया। जिसमें भिलाई ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले दिन की समाप्ति तक बिलासपुर ने अपनी पहली पारी में 29.5 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 137 रन बनाए। जिसमें विवेक यादव ने 51 रन तथा ऋषभ शर्मा ने नाबाद 33 रनों का योगदान दिया। भिलाई की ओर से आयुश कुमार सिंह ने 3 विकेट तथा चंद्रभूषण साहु ने 2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक बिलासपुर ने 7 विकेट पर 137 रन बना लिये हैं। दूसरा सेमी फायनल चार दिवसीय मैच प्लेट कंबाइंड तथा महासमुंद के मध्य सिविक सेंटर क्रिकेट ग्रांउड, भिलाई में खेला गया। जिसमें महासमुंद ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। प्लेट कंबाइंड ने अपनी पहली पारी में 49 ओवरों में 10 विकेट खोकर 186 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से यश कुमार वर्दा ने 54 रन तथा उत्कर्ष ठाकुर ने 42 रन बनाये। महासमुंद की ओर से आयुष द्विवेदी ने 6 विकेट तथा रुपेश कुंबलकर ने 3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक महासमुंद ने अपनी पहली पारी में 5 ओवरों में 2 विकेट पर 14 रन बनाए। प्लेट कंबाइंड की ओर से निखिल शर्मा ने 2 विकेट लिए। पहले दिन की समाप्ति तक प्लेट कंबाइंड 172 रनों से आगे है।

### रायपुर जिला क्रिकेट संघ ने खिलाडियों के पंजीयन की जारी की तिथियां

**रायपुर।** रायपुर जिला क्रिकेट संघ के वर्ष 2025-26 हेतु सभी वर्गों के पंजीयन की तिथि 25 जून



2024 से 05 जुलाई 2024 तक निर्धारित की गयी है। नये पंजीयन का समय अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक रखा गया है। नये पंजीयन हेतु आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ में जन्में खिलाडियों के लिये पिछले 5 वर्शों की मार्कशीट की फोटोकॉपी अन्यथा पिछले 10 वर्षों की मार्कशीट की फोटोकॉपी जमा करना होगा। नये पंजीयन हेतु रुपये 500 का शुल्क निर्धारित किया गया है। पंजीयन के समय सत्यापन हेतु समस्त मूलदस्तावेज लाना भी अनिवार्य है।

### बैडमिंटन सब जूनियर एवं जूनियर वर्ग में रोमांचक दौर



**रायपुर।** रायपुर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा सप्रे शाला हॉल में आयोजित सब जूनियर एवं जूनियर जिला बैडमिंटन स्पर्धा में रोमांचक दौर जारी है। बालक वर्ग एकल प्रथम दौर में 11 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल के अंतर्गत शख्स ने करण वासवानी को 15-8,15-12 से, हृदय अग्रवाल ने पर्व अग्रवाल को 15-8,15-13 से, शारव सराफ ने अयान खुन्नर को 15-7,15-11 से, ब्रायन जैन ने सक्षम अग्रवाल को 15-7,15-10 से, अद्विक अग्रवाल ने हृदन अनंत को 17-15,15-13 से, उत्कर्ष ढोलकिया ने लक्ष्य सिंह राजपूत को 15-6,15-4 से, काव्यांश सिन्हा ने अव्यान बजाज को 16-14,15-10, अयान पासरी ने रेयांश थडानी को 15-12,15-3 से, पुष्कल देवांगन ने युआन वासवानी को 15-2,15-3 से, दर्शील कोधियार ने कबीर जसवानी को 15-9,15-6 से, दिव्यांश अनंत ने तन्मय बाघमार को 15-7,15-3 से,आदवाय सिंघल ने आर्यन जैन को 15-12,15-9 से, आर्यन चेलानी ने आयाम मिश्रा को 15-1,15-3 से, रंश सोनी ने धैर्य सिंघल को 15-8,15-2 से हराया। 19 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल में दीप पटेल ने अभिषेक नागदेव को 15-9,15-5 से,अमय कृष्ण सिंह ने आदित्य सोनी को 15-11,15-12 से,आरुष सचदेव ने आरव मित्तल को 15-6,12-15,15-13 से, अर्णव शर्मा ने करण माधवानी को 15-12,15-4 से,अभिरूप बनर्जी ने अभिनय तिवारी को 15-13,12-15,15-13 से, पार्थ गुप्ता ने शुभम जग्गी को 15-9,15-7 से, रौनक साहू ने हिमांशु रामचंदानी को 17-15,4-15,15-13 से, दिव्यांश चिमनानी ने विराज अग्रवाल को 15-6,15-2 से, निक्षय पटेल ने विवेक वर्मा को 15-2,15-3 से, सुशांत उइके ने साकेत ध्रुव को 15-7,15-12 से, दिव्यांश अनंत ने तन्मय बाघमार को 15-7,15-3 से, आद्वय सिंघल ने आर्यन जैन को 15-12,15-9 से, आर्यन चेलानी ने आयाम मिश्रा को 15-1,15-3 से, रंश सोनी ने धैर्य सिंघल को 15-8,15-2,अरहान खान ने वैभव सोनी को 12-15,17-15,15-8 से हराया।

---

उम्र बढ़ने के साथ-साथ पुरुषों को अपनी सेहत पर ध्यान देना जरूरी

# 40 की उम्र के बाद पुरुषों में इन बीमारियों का बढ़ जाता है जोखिम, जानिए बचाव के तरीके

उम्र बढ़ने के साथ-साथ आपमें कई प्रकार की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। महिला-पुरुष दोनों में ये जोखिम देखा जाता रहा है। पुरुषों में उम्र बढ़ने के साथ होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानना जरूरी है।

जैसे-जैसे पुरुष 40 की उम्र पार करते हैं, उन्हें शारीरिक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती में कई तरह के बदलाव देखने को मिल सकता है। जिन लोगों की इम्युनिटी कमजोर है उनमें स्वास्थ्य विकारों का जोखिम और अधिक हो सकता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ कम उम्र से ही लाइफस्टाइल और आहार को ठीक रखने की सलाह देते हैं। आइए जानते हैं कि उम्र बढ़ने के साथ पुरुषों में किन बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है जिनको लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है?



### हृदय रोगों का खतरा सबसे अधिक

पुरुष और महिला दोनों में उम्र बढ़ने के साथ हृदय रोगों को जोखिम बढ़ जाता है। हृदय संबंधी रोग उन स्थितियों के समूह को संदर्भित करते हैं जो हृदय और रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करते हैं। उच्च रक्तचाप, हाई कोलेस्ट्रॉल का स्तर, मोटापा, मधुमेह और गतिहीन जीवनशैली जैसे कारक हृदय रोग के विकास का प्रमुख कारक माने जाते हैं। नियमित रूप से व्यायाम, संतुलित आहार और तनाव प्रबंधन के तरीके को अपनाकर हृदय स्वास्थ्य को ठीक रखा जा सकता है।

### प्रोस्टेट से सबंधित समस्याएं

प्रोस्टेट संबंधी समस्याएं पुरुषों की सेहत को प्रभावित करने वाली दूसरी बड़ी समस्या है। उम्र बढ़ने के साथ इसका जोखिम भी काफी बढ़ जाता है। प्रोस्टेट एक छोटी सी ग्रंथि है जो वीर्य बनाने में मदद करती है। उम्र बढ़ने के साथ इसका आकार बड़ा होता जाता है। बढ़े हुए प्रोस्टेट के कारण मूत्र के प्रवाह में बाधा के साथ मूत्र पथ के संक्रमण और किडनी की समस्याओं का खतरा भी हो सकता है। अगर आपको पेशाब से संबंधित किसी प्रकार की समस्या महसूस होती रहती है तो समय रहते इसकी जांच जरूर करा लें।



### गठिया और हड्डियों की समस्या

पुरुषों में गठिया की समस्या होना भी काफी आम है, उम्र बढ़ने के साथ इसका जोखिम भी बढ़ जाता है। ऑस्टियोआर्थराइटिस आमतौर पर 40 और इससे अधिक उम्र के पुरुषों को प्रभावित करती है। हड्डियों के सिरों को सहारा देने वाली सुरक्षात्मक कार्टिलेज में होने वाली किसी प्रकार की समस्या का कारण आप इसके शिकार हो सकते हैं। ये हाथों, घुटनों, कूल्हों और रीढ़ के जोड़ों किसी को भी प्रभावित कर सकती है। जिन लोगों का वजन अधिक होता है उनमें हड्डियों से संबंधित विकारों का जोखिम अधिक देखा जाता है।

### कम उम्र से ही रखें सेहत का ध्यान

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, उम्र बढ़ने के साथ मांसपेशियों और हड्डियों में कमजोरी आने लगती है, इम्युनिटी पावर भी कमजोर हो जाती है। ये स्थितियां कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम कारक हैं। बीमारियों से बचे रहने के लिए जरूरी है कि आप आहार और लाइफस्टाइल को ठीक रखें और नियमित रूप से योग-व्यायाम करते रहें। स्वस्थ जीवनशैली का पालन करके आप कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचे रह सकते हैं।

---



## आपके आसपास भी 'बॉयफ्रेंड सिकनेस' से प्रभावित तो नहीं?

'बॉयफ्रेंड सिकनेस' टर्म टिकटॉक इंफ्लूएंसर के जरिए चलन में आया, जिन्होंने इसे नए रिश्ते में जुनूनी बर्ताव के रूप में समझाया। यह एक सामान्य चरण है, जहां लोग अपने नए साथी को अधिक प्राथमिकता देते हैं।

आपने अपने किसी ऐसे दोस्त के बारे में सुना है, जिसने हाल ही में किसी को डेट करना शुरू किया हो और वह अपने नए प्यार को लेकर बहुत जुनूनी हो, जैसे उनकी पूरी जिंदगी केवल अपने पार्टनर के इर्द-गिर्द ही घूमती है। वह अपने नए पार्टनर में इतना मग्न हो जाएं कि आपके या अन्य दोस्तों के साथ बनाई योजनाएं कैंसिल करने लगें? या आप खुद कभी ऐसी स्थिति में आए हों?

### क्या होता है 'बॉयफ्रेंड सिकनेस'

इस तरह का बर्ताव नया-नया डेटिंग शुरू करने वाले लोगों में सामान्य है और इस चरण को 'बॉयफ्रेंड सिकनेस' कहते हैं। यह एक सामान्य चरण है, जहां लोग अपने नए साथी को अधिक प्राथमिकता देते हैं।

### किसी को भी हो सकती है ये समस्या

भले ही इसे 'बॉयफ्रेंड सिकनेस' कहते हैं लेकिन लड़का या लड़की किसी का भी बर्ताव ऐसा हो सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह कपल्स के लिए सामान्य व्यवहार है और नए कपल के बीच बॉन्ड व लगाव गहरा करने के लिए जरूरी होता है। साथ ही अधिकतर मामलों में यह दौर अस्थाई होता है।



### रिश्ते के लिए जरूरी ये दौर

कोलंबिया यूनिवर्सिटी के साइकेट्री विभाग के प्रोफेसर आमिर के मुताबिक, नए रोमांटिक रिलेशनशिप में आए लोगों का दिमाग अपने साथी से बॉन्ड बनाने के लिए ओवरटाइम काम करता है। किसी अजनबी को महत्वपूर्ण बनाने के लिए बहुत सारी मशक्कत की जरूरत होती है।

---

## सूर्यदेव को जल चढ़ाने के क्या है सही नियम ? जानें विधि, मंत्र और लाभ

हिंदू धर्म में सूर्य देवता को जल चढ़ाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। मान्यता है कि दिन की शुरुआत सूर्य को जल चढ़ाने की जाए, तो पूरे दिन अच्छे परिणामों की प्राप्ति होती हैं। हिंदू धर्म में सूर्य देवता को जल चढ़ाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। मान्यता है कि दिन की शुरुआत सूर्य को जल चढ़ाने की जाए, तो पूरे दिन अच्छे परिणामों की प्राप्ति होती हैं। हालांकि, उनकी विशेष कृपा पाने के लिए रविवार का दिन सबसे शुभ है, क्योंकि यह दिन सूर्यदेव को समर्पित होता है। इस दिन उनकी विधिपूर्वक पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। ज्योतिष में भी सूर्यदेव को विशेष स्थान प्राप्त है, उन्हें आत्मा का कारक माना जाता है।

सूर्यदेव को सभी ग्रहों का अधिपति माना जाता है। सिंह राशि का स्वामित्व भी सूर्यदेव को प्राप्त है। इन लोगों पर उनकी हमेशा कृपा बनी रहती है। मान्यता है कि जिन जातकों पर सूर्य की कृपा होती है, उनके जीवन में तरक्की के योग बनने लगते हैं और रुके हुए कार्यों को भी गति मिलती हैं।

कहते हैं कि जिन लोगों की कुंडली में सूर्य की स्थिति कमजोर होती है, उन्हें रोजाना सुबह सूर्य को जल देना चाहिए। इससे उनका स्थान मजबूत होता है। हालांकि, कभी भी किसी भी समय सूर्यदेव को जल नहीं चढ़ाना चाहिए। इसके लिए शास्त्रों में कई नियमों का उल्लेख है, जिनका पालन करते हुए ही व्यक्ति को उन्हें जल देना चाहिए। आइए इन नियमों के बारे में जान लेते हैं।

### सूर्य को जल अर्पित करने की विधि

सूर्यदेव को जल प्रातः काल यानी सूर्योदय के समय ही चढ़ाएं। सुबह के समय जल चढ़ाना बेहद फायदेमंद होता है। उन्हें हमेशा तांबे के पात्र से ही जल अर्पित करना चाहिए। तांबे के बर्तन में पानी भरते हुए उसमें लाल फूल, कुमकुम और चावल अवश्य डालें। इसके बाद आप जल अर्पित कर सकते है। इस दौरान जल की गिरती धार के साथ सूर्य की किरणों को देखना शुभ होता है। ध्यान रखें कि सूर्य को जल चढ़ाते समय आपका मुंह पूर्व दिशा की ओर होना चाहिए।

**न करें ये गलतियां:** अगर आप सुबह सूर्यदेव को जल का अर्घ्य देते हैं, तो हमेशा अर्घ्य देने का समय लगभग एक ही होना चाहिए।

---

स्वागत...

## अभिकर्ताओं को हेल्थ इंडस्ट्री में सुनहरें भविष्य से कराया अवगत



**भिलाई।** गुरुवार को सुबह हमारे पुणे रीजन के रीजनल हेड विजय अरोरा का विशेष आगमन भिलाई ब्रांच में हुआ। भिलाई ब्रांच के मैनेजर्स के द्वारा बहुत ही गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया, समय के अभाव में विजय और जोनल मैनेजर विवेक का टॉप 20 एजेंट के द्वारा भिलाई ब्रांच में स्वागत किया गया। जहां विजय के द्वारा अभिकर्ताओं को हेल्थ इंडस्ट्री में सुनहरे भविष्य से अवगत कराया गया। टीएम अनूप के द्वारा एजेंट को हेल्थ इंडस्ट्री का सबसे बेहतर कमिशन स्ट्रक्चर के बारे में बताया गया। जेडएम विवेक ने जबरदस्त मैजिक ट्रिक के द्वारा ग्राहकों को बीमा खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने के मनोरंजक तरीके से मन्त्रमुग्ध कर दिया।

दो दिवसीय आयोजन

## पोस्टर और स्लोगन लेखन कर बताया योग की महत्व



**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय और भारती आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह 7 बजे से दो सत्रों में योग अभ्यास का आयोजन किया गया। जिसके बाद वीडियो मेकिंग, पोस्टर और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं कराई गई। कार्यक्रम में योगा प्रोटोकॉल के अन्तर्गत ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, उष्ट्रासन, वक्रासन, भुजंगासन, सेतुबंधासन, नाडीशोधन, भ्रामरी प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर भारती विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बी एन तिवारी ने कहा कि योग का अर्थ है कि हम एक दूसरे से जुड़ें, योग मन, चित्त व आत्मा को एक करता है। योग के माध्यम से विभिन्न बीमारियों का इलाज संभव है। भारती आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मानस रंजन होता ने कहा कि योग के माध्यम से महिला सशक्तीकरण किया जा सकता है। यह योगाभ्यास मुख्य प्रशिक्षक डॉ. रामेश्वर थवाइत एवं डॉ. महिमा श्रीवास्तव द्वारा कराया गया।

---

महाराष्ट्र मंडल की महिलाओं ने किया वट सावित्री व्रत

# वट वृक्ष की परिक्रमा कर ऋतु फलों से भरी ओली, वट सावित्री कथा सुन पति की दीर्घायु का मांगा आशीर्वाद

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** महाराष्ट्र मंडल की महिलाएं शुक्रवार को वट सावित्री व्रत कर पति के उत्तम स्वास्थ व दीर्घायु की कामना की। सेक्टर 2 हनुमान मंदिर के बरगद वृक्ष की मराठी महिलाओं दवरा विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर महिलाएं सुबह से निर्जला व्रत रखकर सोलह श्रृंगार व पूजा की सामाग्री लेकर घरों के समीप वट वृक्ष पहुंची थी। जहां वृक्ष की परंपरानुसार पूजा अर्चना के बाद परिक्रमा कर पति की दीर्घायु व अखंड सौभाग्य की कामना कर आशीर्वाद मांगा।



### वट वृक्ष की पूजा कर हल्दी, कुमकुम और मौली धागा बांध मन्नत मांगी

पूजा करने पहुंची महिलाओं ने बताया कि वट पूर्णिमा पर वट सावित्रि का ध्यान करते हुए वृक्ष को सफेद व मौली धागा लपेटते हुए पति के रक्षा की प्रार्थना करते है। जिसके बाद वृक्ष की पूजा हल्दी, कुमकुम, मौली धागा, आम से ओली भरी जाती है, साथ ही महिलाएं सत्यवान व सावित्री की कथा सुनती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट सावित्री का व्रत रखने से पति के ऊपर मंडरा रहे सभी संकट टल जाते है और दांपत्य जीवन भी सुखमय, खुशहाल बना रहता है। सेक्टर 2 में उषा क्षीरसागर, वर्षा वाघमारे, प्रीति दुर्गे सहित महाराष्ट्र मंडल की महिलाएं उपस्थित होकर पूजा-अर्चना कर ओली भरी।

### महिलाओं ने सुनी वट सावित्री की कथा

वैशाली नगर महाराष्ट्र मंडल की महिलाओं ने उत्साह के साथ वट पूर्णिमा व्रत कर वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। एक दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाकर ऋतु फल गेहूं एवं आम की ओली भरी। जिसके बाद वटसावित्री व्रत की कथा सुनाई।

मंडल अध्यक्ष नीलू लिमेश ने बताया कि यह व्रत अपने पति के लम्बी उम्र व परिवार के सुख समृद्धि के लिए किया जाता है। इस अवसर पर वनश्री मार्जिवे, नंदा शेगोकर, नीलिमा चिंदालोरे, वीणा देशपांडे, माला बुलबुले, सुषमा ठोसर, चैताली डेकाटे, ऊषा तलमले, सरोज सकोरे, प्राची लिमेश, तारा कावले, प्रिया कापसे सहित काफी संख्या में महिलाएं सोलह श्रृंगार कर उपस्थित थी।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## नशे में धुत पाए गए ग्रैमी नामांकित रैपर ट्रैविस स्कॉट, पुलिस ने किया गिरफ्तार



अमेरिकी रैपर, गायक और गीतकार ट्रैविस स्कॉट को मियामी क्षेत्र से गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया गया। रैपर को रिहाई मिल गई है, लेकिन इसके लिए उन्हें रकम चुकानी पड़ी है। अमेरिकी रैपर, गायक और गीतकार ट्रैविस स्कॉट को मियामी क्षेत्र से गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया गया। गायक पर अव्यवस्थित नशा और अतिक्रमण का आरोप लगा है। जेल रिकॉर्ड के अनुसार, रैपर को मियामी में नशे में धुत होने और अतिचार के आरोप में गुरुवार सुबह 4 बजकर 35 मिनट पर गिरफ्तार किया गया। हालांकि, उन्हें जल्द ही रिहा भी कर दिया गया, लेकिन इसके लिए उन्हें रकम चुकानी पड़ी। जेल रिकॉर्ड से यह भी जानकारी सामने आई है कि उन्होंने 650 डॉलर (तकरीबन 55 हजार रुपये) का बॉन्ड जमा किया, जिसके बाद उन्हें रिहाई मिल गई। इसके बाद ग्रैमी-नामांकित रैपर ट्रैविस स्कॉट ने सुबह 8 बजकर 54 मिनट पर एक्स पर एक पोस्ट किया जिसमें उन्होंने 'एलओएल' लिखा था। जानकारी हो कि ट्रैविस स्कॉट का असली नाम जैक्स बर्मन वेबस्टर II है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना मियामी बीच मरीना पर हुई। एक यॉट पर लोगों के लड़ने की सूचना देने वाली अशांतिपूर्ण कॉल के संबंध में पुलिस अधिकारियों को मरीना में बुलाया गया था। अधिकारियों ने वहां पहुंचने के बाद स्कॉट को वहां खड़े होकर यॉट पर मौजूद लोगों पर चिल्लाते देखा गया। इस दौरान अधिकारियों को उनकी सांसों से शराब की तेज गंध का पता चला। इसके तुरंत बाद स्कॉट को हिरासत में ले लिया गया और मियामी बीच पुलिस विभाग ले जाया गया। रोलिंग स्टोन्स की रिपोर्ट में, स्थिति से परिचित सूत्रों ने पोर्टल को बताया कि घटना में कोई शारीरिक विवाद शामिल नहीं था।

### टॉलीवुड

## अजरबैजान में 'विदा मुयार्ची' की शूटिंग पूरी करेंगे अजित कुमार



दक्षिण भारत के दिग्गज सुपरस्टार अजित कुमार की फिल्म 'विदा मुयार्ची' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म की शूटिंग खत्म करने के लिए वह अजरबैजान के लिए रवाना हो गए हैं। अजित कुमार कॉलीवुड यानी तमिल सिनेमा के सुपरस्टार हैं। अभिनेता के प्रशंसकों को उनकी आगामी फिल्म 'विदा मुयार्ची' की बेसब्री से इंतजार है। फिल्म का निर्देशन मगिज थिरुमेनी कर रहे हैं। अभिनेता अजित फिल्म अंतिम शेड्यूल की शूटिंग में शामिल होने के लिए अजरबैजान के लिए रवाना हो गए हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि इस फिल्म को पूरा करने के बाद अभिनेता अजित गुड बैड अग्ली की शूटिंग शुरू करेंगे। विदा मुयार्ची की स्टारकास्ट की बात करें तो फिल्म में त्रिशा कृष्णन मुख्य अभिनेत्री के रूप में नजर आने वाली हैं। वहीं, अर्जुन सरजा एक और महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। उनके अलावा रेजिना कैसांड्रा और आरव भी सहायक भूमिकाओं में हैं। लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही इस फिल्म में लोगों को अनिरुद्ध रविचंदर का शानदार संगीत सुनने को मिलेगा। फिल्म दिवाली के आसपास रिलीज करने की योजना पर मेकर्स तेजी से काम कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## 'एक बहू ऐसी भी' का दमदार ट्रेलर आउट दिखेगा सास-बहू के रिश्ते का अनोखा अंदाज




भोजपुरी फिल्म 'एक बहू ऐसी' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 'एक बहू ऐसी भी' में सास और बहू के रिश्ते को एक नए रूप में दिखाया जाएगा। 'एक बहू ऐसी भी' में भोजपुरी एक्ट्रेस ऋचा दीक्षित बहू के लीड रोल में दिखेंगी, जो एक बहू के किरदार में हैं। फिल्म की कहानी उनके इर्द-गिर्द बुनी गई। यह फिल्म मानवीय संवदेनाओं से परिपूर्ण है। फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह, विनय सिंह, समीर आफताब, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं, जबकि निर्देशक प्रवीण कुमार गुडूरी हैं। प्रवीण कुमार गुडूरी एक से बढ़कर एक सार्थक फिल्मों का निर्माण कर रहे हैं, उसमें से एक यह फिल्म भी है। 'एक बहू ऐसी भी' का ट्रेलर दर्शकों के मन में फिल्म को लेकर उत्सुकता पैदा कर रहा है। यह भोजपुरी के दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है और अब उन्हें फिल्म के रिलीज होने का इंतजार है। तीन मिनट 56 सेकेंड के इस ट्रेलर में मनोरंजन,संवदेना, रोमांस, गाने और कलाकारों की अदाकारी का बेजोड़ सामंजस्य देखने को मिल रहा है। फिल्म को लेकर निर्माता प्रदीप सिंह ने कहा, "एक बहू ऐसी भी' एक शानदार कहानी पर बनी है। इस फिल्म के जरिए हम दर्शकों को हेल्दी एंटरटेनमेंट के साथ बेजोड़ कहानी पेश करने जा रहे हैं। इस फिल्म को सभी अपने घरवालों के साथ देखें। इससे पहले ट्रेलर देखें, जो आपको फिल्म की एक झलक से रूबरू कराने वाली है।'

'एक बहू ऐसी भी' रिचा दीक्षित के साथ अंशुमान सिंह, रितेश उपाध्याय, निशा सिंह, मनोज टाइगर, श्रद्धा नवल, सोनिया मिश्रा, रिंकू भारती, संतोष श्रीवास्तव, पुष्पेंद्र राय मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के लेखक इंद्रजीत एस कुमार हैं, जबकि संगीत साजन मिश्रा ने दिया है और गीतकार दुर्गेश भट्ट हैं।

## ईरानी हुस्न

### लाइफ स्टाइल



ईरानी महिलाएँ फैशन में आज़ादी को अपना रही हैं। फ़ारसी महिलाएँ अपनी अनोखी और अनोखी खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं, इसलिए यह कोई हैरानी की बात नहीं है कि उनमें से कई टेलीविज़न, मनोरंजन और फैशन की दुनिया में शीर्ष पर पहुँच रही हैं। क्लाउडिया लिंक्स, शेरमाइन शाहरिवर, आयलर ली और सहर बिनियाज़ उन फ़ारसी महिलाओं में से हैं जिन्होंने यू.एस. और यूरोपीय फैशन जगत में अपनी जगह बनाई है। वर्षों से फ़ारसी महिलाओं के फैशन को उसके ग्लैमर, राजसीपन और विलासिता के लिए जाना जाता है।

## त्वचा को चमकदार और जवां बनाना है तो नहाने के पानी में मिलाइए नींबू की कुछ बूंदे

नींबू का रस आपकी त्वचा को न सिर्फ चमकदार बल्कि जवां बनाए रहने में भी मदद करता है। अगर आप नियमित रूप से नींबू का इस्तेमाल स्किन केयर में करना चाहते हैं तो इसका सबसे सही तरीका है नींबू के रस को नहाने के पाने में डालना। आप चाहें तो हर रोज नहाने के पानी में नींबू का रस डालकर उससे नहा सकते हैं। नींबू में पाए जाने वाले विटामिन्स, एंटीमाइक्रोबियल, एंटीबैक्टीरियल और एंटीबैक्टीरियल तत्व त्वचा को कई परेशानियों से दूर रखते हैं।

### त्वचा में आएगा कसाव

अगर आप प्रतिदिन नहाने के पानी में नींबू का रस डालकर उससे नहाएंगे, तो आपकी त्वचा में कसावट आएगी। इसकी वजह से झुर्रियों की समस्या कम हो जाती है। ऐसे में ये कोशिश करें कि हर रोज नहाने के पानी में थोड़ा नींबू का रस तो डाल ही लें।

### त्वचा के पोर्स होंगे साफ



नहाने के पानी में नियमित रूप से अगर आप नींबू का रस मिलाएंगे तो इससे आपकी त्वचा के पोर्स भी साफ होंगे। ये त्वचा को अंदर तक साफ करने में मददगार रहता है। जिसकी वजह से आपकी त्वचा कई समस्याओं से दूर रहती है।

### शरीर से बदबू करे दूर

नहाने के पानी में नींबू मिलाने का सबसे अच्छा फायदा यही है कि इसके इस्तेमाल से आपके शरीर की बदबू दूर होती है। नींबू का रस पसीने के बैक्टीरिया को खत्म करने में कारगर है। जिस वजह से इसकी बदबू भी कम हो जाती है। ऐसे में अगर आप शरीर की बदबू से परेशान हैं तो नहाने के पानी में नींबू का रस मिलाएं।

### दाग-धब्बे रहेंगे दूर

अगर आपकी त्वचा पर तमाम तरह के दाग-धब्बे हैं, तो नींबू का रस इस परेशानी से भी आपको निजात दिला सकता है। इसके लिए आपको बस नहाने के पानी में इसे मिक्स करना है। नींबू में पाए जाने वाला ब्लीचिंग तत्व दाग-धब्बों से भी राहत दिलाता है।

## फैंसी लुक पाने के लिए बेस्ट रहेंगे सिल्क के ये सलवार-सूट



फैशन

सलवार-सूट रोजाना से लेकर किसी भी पार्टी के लिए हम पहनते हैं। इसमें आपको कई तरह के डिजाइन और पैटर्न देखने को मिल जाएंगे। वहीं एवरग्रीन फैशन ट्रेंड की बात करें तो इसमें सबसे ज्यादा सिल्क सलवार-सूट को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है।

फैंसी लुक पाने के लिए सिल्क सूट बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकते हैं। सिल्क सलवार-सूट के कुछ खास डिजाइंस के बारे में यहां जानिए, जिन्हें आप गर्मी के मौसम में भी आसानी से कर सकती हैं स्टाइल

### चौड़े घेरे वाले सूट



पाकिस्तानी स्टाइल में सिल्क सूट कैरी करना चाह रही हैं तो इस तरह के सिल्क सूट आप खरीद सकती हैं। इसमें आपको कढ़ाई वर्क वाले काफी हैवी सूट देखने को मिल जाएंगे। इसमें आप बनारसी, ब्रोकेड, प्लेन, क्रेप, साटन कई तरह के फैब्रिक खरीदकर सूट बनवा सकती हैं। इस तरह के लुक के साथ में आप पैन्ट्स या चूड़ीदार पजामी ही पहनें। चाहे तो दुपट्टे के लिए भी इसी तरह के कपड़े को खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

### फिरन स्टाइल सूट



स्टाइलिश और फैंसी लुक को कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह सेफिरन स्टाइल सलवार-सूटको स्टाइल कर सकती हैं। मॉडर्न और कम्फ़र्टेबल महसूस करना चाहती हैं तो इस तरह के लूज स्टाइल और धोती सलवार आप ट्राई जरूर करें। रेडीमेड इस तरीके का सूट आपको मार्केट में 2,000 रुपये में आसानी से मिल जाएगा।

### प्लेन सिल्क सूट

प्लेन सूट देखने में काफी क्लासी लुक देने में मदद करते हैं। इस तरह का सूट आप क्रेप फैब्रिक को थान से खुद मीटर के हिसाब से खरीदकर बनवा सकते हैं। इस तरह के मोनोक्रोम कलर पैलेट लुक के साथ में आप फैंसी लुक देने के लिए आप नेट के वर्क वाले दुपट्टे को कैरी कर सकती हैं।

## पैरों की सुन्दर बनाए रखने के लिए रोजाना करें ये काम



पैरों की सुन्दरता कम होने की वजह पैरों की अच्छी तरह से केयर नहीं करती हैं। जहां महिलाएं चेहरे की सुंदरता बनाए रखने के लिए कई सारे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं तो वहीं पैरों की सही तरह से देखभाल नहीं करती हैं और इस वजह से पैर बदसूरत हो जाते हैं लेकिन अगर आप कुछ टिप्स को नहाने से पहले फॉलो करती हैं तो आप पैरों की त्वचा सुन्दर हो सकती है।

### पैरों को करें पेडिक्योर

पैरों की खूबसूरती बनी रहे इसके लिए इन्हें पेडिक्योर करें। पैरों को पेडीक्योर करने से पैरों की त्वचा के डेड सेल्स निकल जाते हैं और इस तरह पैरों की त्वचा खूबसूरत नजर आएंगी

### इस तरह करें पेडिक्योर

एक बाल्टी में गर्म पानी लें। पानी में शैंपू डालें इसके बाद इस बाल्टी में पैर डालें।10 मिनट बाद पैरों को साफ कर लें। इस उपाय को रोजाना कर नहाने से पहले कर सकती हैं।


### स्क्रब का करें इस्तेमाल

स्क्रब का इस्तेमाल करने से पैरों जमा कालापन साफ़ हो जाते झें हैं और पैर सुंदर नजर आते हैं। वहीं पैरों की सुंदरता बनाए रखने के लिए रोजाना पैरों को स्क्रब करें। वहीं पैरों को स्क्रब करने के लिए आप प्यूमिक स्टोन से स्क्रब का इस्तेमाल कर सक्तु हैं।

### इस तरह करें पैरों को स्क्रब

एक बाल्टी में गर्म पानी लें।इसमें एप्पल साइडर विनेगर डालें।इस पानी में पैरों को रखें। इसके बाद पैरों को प्यूमिक स्टोन से स्क्रब करें। ये उपाय आप रोजाना कर सकती हैं।

## झाइयों को कम करने के लिए यह सीरम आएगा काम, जानें बनाने का तरीका



समय रहते त्वचा का ख्याल रखने से स्किन प्रॉब्लम कम होती है। स्किन प्रॉब्लम की बात करें तो आजकल हम झाइयों की समस्या से काफी परेशान रहते हैं। हालांकि इसके लिए हम बाहरी ट्रीटमेंट की भी सहायता लेते हैं, लेकिन यह ट्रीटमेंट त्वचा को खूबसूरत बनाने की जगह डैमेज भी कर सकते हैं। झाइयों को कम करने के लिए फेस सीरम बनाने के लिए विटामिन-ई की कैप्सूल और बादाम रोगन तेल का इस्तेमाल करें। बादाम रोगन तेल को चेहरे पर लगाने से कई फायदे हैं। बादाम में मौजूद ओमेगा- 3 फैटी एसिड होता है जो स्किन में नेचुरली मॉइस्चराइज करने में मदद करता है। इसमें मौजूद विटामिन-ई और विटामिन-ए स्किन को चमकदार बनाने में मदद करता है।त्वचा के डार्क स्पॉट्स को कम करने में भी बेहद लाभदायक होता है। चेहरे पर विटामिन-ई कैप्सूल को लगाने से कई फायदे हैं। विटामिन-ई स्किन सेल्स को जीवनदान देने में मदद करता है।इसमें मौजूद तत्व चेहरे पर मौजूद डार्क स्पॉट्स को कम करने के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। स्किन को मॉइस्चराइज करने के लिए विटामिन-ई का इस्तेमाल करना चाहिए।

**झाइयों को कम करने के लिए फेस सीरम बनाने का तरीका :** फेस सीरम बनाने के लिए एक बाउल में करीब 3 से 4 चम्मच बादाम रोगन तेल को डालें। इसमें अब एक विटामिन-ई की कैप्सूल को काटकर डालें। इन दोनों को मिक्स करके ड्रॉपर वाली बोतल में डाल लें। चेहरे को ठंडक पहुंचाना चाहती हैं तो इसे थोड़ी देर के लिए फ्रिज में रख दें और फिर इसे चेहरे पर इस्तेमाल करें। आपका फेस सीरम तैयार है। इसका इस्तेमाल आप स्किन केयर रूटीन में शामिल कर सकती हैं। लगातार इस फेस सीरम का इस्तेमाल करने से त्वचा में मौजूद झाइयों कम हो सकती है।

## कार्नर न्यूज

### पुरुषों में गंजापन एक दुखद वास्तविकता, बदलें अपनी हेयर स्टाइल

## आसान हेयर स्टाइल ट्रिक्स मदद करेंगी आपके झड़ते बालों को कवर करने में

*पुरुषों को गंजेपन से पूरी तरह से बचने का एकमात्र तरीका अपने बालों और स्कैल्प की बहुत अच्छी देखभाल करना है, एक्सपर्ट त्वचा रोग विशेषज्ञ से नियमित रूप से परामर्श करें, और सबसे महत्वपूर्ण रूप अच्छे जीन हैं। आवश्यकता होने पर इसके लिए भी डॉक्टर से मिलें। या, आप आसान तरीकाअपना सकते हैं, मेल पैटर्न बाल्डनेस से ही निपटें क्योंकि यह आगे बढ़ता है, और उड़ चुके बाल और झांकती हुई स्कैल्प जैसी चीजों को कवर करने के लिए कुछ बुनियादी हेयरस्टाइल हैक्स का उपयोग किया जा सकता है।*



**बालों की लंबाई :** आप नहीं चाहते कि आपके बाल बहुत छोटे हों, और न ही आप इसे बहुत लंबा करना चाहते हैं, क्योंकि दोनों ही चीजें बहुत सारी चीजों को स्पष्ट करती हैं। आदर्श रूप से, आपको बालों की लंबाई के लिए ऐसा लक्ष्य बनाना चाहिए जिससे आप अपने बालों को पीछे की ओर कंघी कर सकें, और इससे बाल खराब न हों। इसलिए अपने बालों को मध्यम रूप से छोटा रखने की ही कोशिश करें।

**हेयर स्टाइल का चुनाव:** एक पोम्पाडोर या ऐसा ही कुछ, हमेशा अपने बालों के लिए ऐसी हेयर स्टाइल का चुनाव करने की कोशिश करें जो वॉल्यूम पर बेस्ड हो। इसके अलावा, बालों के ग्रोथ की दिशा ऊपर की तरफ ही रखें तो बेहतर होगा। ये आपका सबसे अच्छा दांव साबित हो सकता है। क्लासिक पोम्पाडोर में कई विविधताएं हैं जिन्हें अपनाने के बारे में आप विचार कर सकते हैं। यदि आप अपने हेयर ड्रेसर पर भरोसा करते हैं, तो वह एक ऐसी स्टाइल को मेंटेन करने में आपकी मदद कर सकेगा जो वाकई आपके लिए अच्छा काम करेगी। तो बहुत अच्छा है। अन्यथा, यदि आप ऐसा महसूस करते हैं तो किसी अच्छे हेयर स्टाइलिस्ट से परामर्श करें।



**हेयर केयर प्रोडक्ट्स :** आपको अपने बालों के लिए हेयर केयर प्रोडक्ट्स का चुनाव बहुत ही सावधानी के साथ करना चाहिए। बहुत ही महंगे और भारी-भरकम हेयर जेल, और वैक्स जैसे उत्पादों को भूल जाओ। एक अच्छे शैम्पू में निवेश करें, और एक मूस, दोनों में, लेकिन दोनों ही प्रोडक्ट ऐसे हों, जो आपकी त्वचा के अनुकूल होना चाहिए।